# डेली क्विज़

(संग्रह)



मई
भाग-1

2025


C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida

641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi

Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow

12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

## भारतीय कला एवं संस्कृति

1. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| बौद्ध स्थल | देश |
|---|---|
| अंकोर वाट | कंबोडिया |
| बागान | इंडोनेशिया |
| बोरोबुदुर | थाईलैंड |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

2. **सातवाहन राजवंश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. सातवाहन अपनी शैलकृत वास्तुकला के लिये जाने जाते हैं, जिनमें कार्ले चैत्य और नासिक विहार जैसे उल्लेखनीय उदाहरण शामिल हैं।
   2. अमरावती स्तूप का निर्माण सातवाहन काल के दौरान किया गया था।
   3. सातवाहनों की आधिकारिक भाषा प्राकृत थी और उनके शिलालेख ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

3. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**
   1. वे ओडिशा के नियमगिरि पहाड़ियों में रहते हैं।
   2. कोवी, कुटिया और लैंगुली उनकी प्रमुख उप-जनजातियों में से हैं।
   3. उन्हें विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत किया गया है और वे कुई भाषा बोलते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित है:**

A. संथाल जनजाति
B. डोंगरिया कोंध जनजाति
C. भील जनजाति
D. मुंडा जनजाति

## राजव्यवस्था एवं शासन

4. **भारत में निजी सदस्यों के विधेयक ( PMB ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसे केवल गैर-सरकारी संसद सदस्यों द्वारा ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
   2. इसका मसौदा संसद सदस्यों द्वारा कम से कम एक महीने के नोटिस पर तैयार करके प्रस्तुत किया जाना चाहिये।
   3. PMB पर आमतौर पर संसद में शुक्रवार दोपहर के सीमित सत्रों के दौरान बहस की जाती है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 40 राज्य को ग्राम पंचायतों का गठन करने तथा उन्हें आवश्यक शक्तियाँ एवं अधिकार प्रदान करने का निर्देश देता है।
   2. नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को प्राप्त करने की दिशा में ग्राम पंचायतों की प्रगति का आकलन करने का एक उपकरण है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**6. जाति जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतिम राष्ट्रीय जाति डेटा संग्रह वर्ष 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) के माध्यम से आयोजित किया गया था।
2. वर्ष 1941 की जनगणना में जाति डेटा एकत्र किया गया था, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत के कारण इसे प्रकाशित नहीं किया गया था।
3. सामान्य जनगणना में जाति गणना के लिये कोई संवैधानिक आदेश नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 75, कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए, मंत्रिपरिषद की लोकसभा के प्रति सामूहिक ज़िम्मेदारी स्थापित करता है।
2. अनुच्छेद 113 में प्रावधान है कि सरकार द्वारा संसद की विनियोग विधेयक के माध्यम से पूर्व स्वीकृति के बिना कोई व्यय नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**8. लोक लेखा समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना मूलत: भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत की गई थी।
2. इसमें लोक सभा और राज्य सभा से बराबर संख्या में सदस्य हैं।
3. समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति लोक सभा के सदस्यों में से लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**9. निम्नलिखित विषयों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों को विनियमित और विकसित करना
2. अंतर्देशीय जलमार्गों पर जहाज़रानी एवं नौवहन
3. जल भंडारण और जल विद्युत उत्पादन

**उपर्युक्त में से कौन संघ सूची में है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोक सेवा आयोग की स्थापना वर्ष 1926 में ली आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. UPSC और SPSC स्वतंत्र संवैधानिक निकाय हैं, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315 से 323 (भाग XIV) द्वारा शासित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मैक्लेगन समिति (1914) ने औपनिवेशिक भारत में सहकारी बैंकिंग की नींव रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. 97वें संविधान संशोधन अधिनियम (2011) ने सहकारी समितियों को संवैधानिक मान्यता प्रदान की तथा उनके विकास को बढ़ावा देने के लिये अनुच्छेद 43B को शामिल किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय भूजल बोर्ड (CGWB) एक वैधानिक निकाय है जो देश के भूजल संसाधनों के मूल्यांकन, संवर्द्धन और विनियमन के लिये ज़िम्मेदार है।
2. केंद्रीय भूजल बोर्ड के अंतर्गत केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (CGWA) का गठन जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत किया गया था।
3. CGWB का राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और प्रबंधन (NAQUIM) कार्यक्रम क्षेत्र-विशिष्ट भूजल प्रबंधन योजनाएँ विकसित करने के लिये जलभृतों का मानचित्रण एवं उनकी विशेषताओं का निर्धारण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**13. स्वामित्व योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह ड्रोन और GIS तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय संपत्तियों का कानूनी स्वामित्व प्रदान करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इसका उद्देश्य ग्रामीण संपत्ति मालिकों के लिये अधिकारों का रिकॉर्ड बनाना था, जिसमें आबादी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
3. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस योजना को भारत ने विश्व बैंक भूमि सम्मेलन 2025 में एक अग्रणी भूमि प्रशासन पहल के रूप में प्रदर्शित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**14. ग्लोबल विंड रिपोर्ट 2025 निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की गई है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA)
B. ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC)
C. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (IEF)
D. विश्व संसाधन संस्थान (WRI)

**15. उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह न्यूनतम मूल्य है, जिस पर चीनी मिलों को भारत में किसानों से गन्ना खरीदना कानूनी तौर पर अनिवार्य है।
2. यह गन्ना उद्योग के पुनर्गठन पर रंगराजन समिति की रिपोर्ट (2012) पर आधारित है।
3. इसका निर्धारण कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**16. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इनकी स्थापना 2008 में वाई.के. अलघ की सिफारिश के आधार पर की गई थी।
2. इन्हें केवल कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत किया जा सकता है।
3. FPO का मुख्य उद्देश्य वैश्विक बाज़ारों में बड़े किसानों की भागीदारी बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**17. मानव विकास रिपोर्ट (HDR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत को UNDP द्वारा प्रकाशित वर्ष 2025 की मानव विकास रिपोर्ट में 193 देशों में से 130वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
2. मानव विकास सूचकांक (HDR) की गणना में जीवन प्रत्याशा, अपेक्षित शिक्षा वर्षों और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI) जैसे संकेतक शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**18. भारत की ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GHCI के तहत प्रदान किया गया प्रमाणपत्र हस्तांतरणीय है और इसका उपयोग उत्सर्जन में कमी क्रेडिट का दावा करने के लिये किया जा सकता है।
2. यह प्रमाणन योजना केवल इलेक्ट्रोलिसिस या बायोमास के रूपांतरण से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन पर लागू है।
3. इस योजना के तहत कांडला, पारादीप और तूतीकोरिन जैसे बंदरगाह शहर प्रमुख हरित हाइड्रोजन निर्यात केंद्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**19. समाचारों में प्रायः देखा जाने वाला इनसाइडर ट्रेडिंग शब्द सबसे अच्छे तरीके से इस प्रकार वर्णित किया जाता है:**

A. सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वित्तीय रिपोर्टों के आधार पर शेयरों की ट्रेडिंग करना।
B. गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग करके प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना।
C. फर्जी समाचार या सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से शेयर की कीमतों में हेरफेर करना।
D. विदेशी खातों में निवेश छिपाकर करों की चोरी करना।

**20. विश्व आर्थिक आउटलुक (WEO) रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की जाती है?**

1. विश्व बैंक
2. विश्व आर्थिक मंच
3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
4. विश्व व्यापार संगठन

**21. भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बौद्धिक संपदा अधिकारों के वैश्विक संरक्षण को बढ़ावा देना विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) की ज़िम्मेदारी है।
2. भारत में पेटेंट को पेटेंट अधिनियम, 1970 द्वारा नियंत्रित किया जाता है तथा इसका प्रशासन पेटेंट, डिज़ाइन एवं ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय (CGPDTM) द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. राष्ट्रीय IPR नीति, 2016 केवल पेटेंट दाखिल करने पर केंद्रित है तथा इसमें बौद्धिक संपदा के अन्य रूपों, जैसे ट्रेडमार्क और कॉपीराइट, पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2
3. केवल 3
4. केवल 1 और 3

**22. माइक्रोफाइनेंस संस्थानों ( MFI ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MFI ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को छोटे ऋण एवं अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनकी बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच नहीं है।
2. भारत में वित्त मंत्रालय द्वारा NBFC-MFI ढाँचे के तहत MFI को विनियमित किया जाता है।
3. MFI ऋण के अतिरिक्त बचत, बीमा और निधि अंतरण जैसी सेवाएँ भी प्रदान कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 112 सरकार को वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने के लिये बाध्य करता है, जिसमें राजस्व व्यय और अन्य व्ययों के बीच स्पष्ट भेद किया जाना आवश्यक है।
2. सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन को पूंजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
3. राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (PSU) को सरकार द्वारा दिये गए ऋणों को राजस्व व्यय के रूप में माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**24. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ( SIDBI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SIDBI एक वैधानिक संस्था है जिसकी स्थापना SIDBI अधिनियम, 1989 के तहत की गई थी।
2. इसका मुख्यालय मुंबई में है और यह भारत में MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र के लिये प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करता है।
3. SIDBI भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

**25. बॉण्ड फॉरवर्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे पूर्व निर्धारित मूल्य और तिथि पर सरकारी बॉण्ड खरीदने या बेचने के लिये विनियमित अग्रिम अनुबंध हैं।
2. वे बॉण्ड की भौतिक डिलीवरी की अनुमति देते हैं, जबकि फॉरवर्ड रेट एग्रीमेंट (FRA) केवल नकद निपटान की पेशकश करते हैं।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक लघु वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को बॉण्ड फॉरवर्ड लेनदेन में भाग लेने की अनुमति देता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**26. कभी-कभी समाचारों में रहने वाली इंजेती श्रीनिवास समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. विनिमय दर प्रबंधन और मुद्रा स्थिरीकरण की समीक्षा
B. उर्वरक सब्सिडी और वितरण नीतियों में सुधार
C. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) ढाँचे में सुधार
D. सार्वजनिक क्षेत्र की विनिवेश रणनीतियों को सुव्यवस्थित करना

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**27. विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह (VIS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली (VTMS) से सुसज्जित भारत का पहला अर्ध-स्वचालित बंदरगाह है।
2. यह बंदरगाह यूरोप, फारस की खाड़ी और सुदूर पूर्व को जोड़ने वाले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों पर रणनीतिक रूप से स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**28. निम्नलिखित में से कौन आर्कटिक परिषद का सदस्य है/हैं?**

1. कनाडा
2. फिनलैंड
3. नॉर्वे
4. रूस
5. संयुक्त राज्य अमेरिका

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2, 3, और 4
C. केवल 1 और 5
D. 1, 2, 3, 4, और 5

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

**29. केंदू पत्ते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह बांस और साल बीज की तरह एक राष्ट्रीयकृत उत्पाद है।
2. वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के अनुसार इसे लघु वनोपज (एमएफपी) के अंतर्गत शामिल किया गया है।
3. ओडिशा भारत का सबसे बड़ा केंदू पत्ता उत्पादक राज्य है, जिसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का स्थान आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## भूगोल

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा देश उज्बेकिस्तान से सीमा साझा करता है?**

1. कज़ाखस्तान
2. किर्गिस्तान
3. ताजिकिस्तान
4. अफगानिस्तान

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सैंडी के रीफ दक्षिण चीन सागर के स्प्रैटली द्वीप समूह में पग-आसा द्वीप (थिटू) के पास स्थित है।
2. टाईक्सियन रीफ सैंडी के रीफ का एक हिस्सा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**32. कैस्पियन सागर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कैस्पियन सागर एक विवर्तनिक झील है जो विश्व का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय है।
2. इसकी सीमा रूस, अज़रबैजान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान और कज़ाखस्तान से लगती है।
3. वोल्गा, यूराल और टेरेक इसकी प्रमुख नदियों में से हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सैंडी के रीफ दक्षिण चीन सागर के स्प्रैटली द्वीप समूह में पग-आसा द्वीप (थिटू) के पास स्थित है।
2. टाईक्सियन रीफ सैंडी के रीफ का एक हिस्सा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व की पाँचवीं सबसे ऊँची चोटी है।
2. यह नेपाल हिमालय की महालंगुर पर्वतमाला में स्थित है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है।
3. यह चार नुकीली चोटियों वाले अपने नुकीली पिरामिड आकार के लिये प्रसिद्ध है, तथा इसके आधार पर बरुण घाटी स्थित है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी चोटी उपरोक्त वर्णन से सबसे अधिक मेल खाती है ?**

A. माउंट मकालू
B. कंचनजंगा
C. ल्होत्से
D. चो ओयू

**35. गोदावरी नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोदावरी भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है, जो महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से निकलती है।
2. सबरी और मंजीरा नदियाँ गोदावरी की दाहिनी तटवर्ती सहायक नदियाँ हैं।
3. कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP) गोदावरी नदी पर विश्व की सबसे बड़ी बहु-चरण लिफ्ट सिंचाई परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**36. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | जनजाति | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | कानी जनजाति | केरल |
| 2. | बिश्नोई जनजाति | कर्नाटक |
| 3. | गोंड जनजाति | मध्य प्रदेश |
| 4. | सोलिगा जनजाति | राजस्थान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी चार
D. कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तिब्बत में हीरे के आकार की काले रंग की शिला शिखर है।
2. इसके पवित्र महत्त्व के कारण इस पर चढ़ना वर्जित है, इसलिये इस पर चढ़ाई नहीं की जा सकती।
3. यह ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु और कर्णाली जैसी प्रमुख नदियों का स्रोत है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. कैलाश पर्वत
B. माउंट एवरेस्ट
C. शिशापंगमा पर्वत
D. नमचा बरवा

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत की दूसरी सबसे लंबी पश्चिम की ओर बहने वाली नदी है जो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर बहती है।
2. यह गुजरात में खंभात की खाड़ी के पास अरब सागर में गिरती है।
3. पूर्णा नदी इसकी बायीं तटवर्ती मुख्य सहायक नदी है, जिसका प्रवाह बारहमासी है।

**निम्नलिखित में से कौन सी नदी उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. ताप्ती
B. नर्मदा
C. माही
D. साबरमती

**39. वेज बैंक ( Wadge Bank ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिंद महासागर में एक अंत:समुद्री पठार है, जो कन्याकुमारी (केप कोमोरिन) से 80 किमी दूर भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में स्थित है।
2. यह विश्व के सबसे समृद्ध मत्स्य क्षेत्रों में से एक है, जहाँ उच्च जैव उत्पादकता पाई जाती है तथा यह मछलियों के लिये एक प्रमुख भोजन एवं प्रजनन स्थल है।
3. वर्ष 1976 के भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा समझौते के तहत भारत को पेट्रोलियम और खनिजों की खोज को छोड़कर, वेज बैंक पर अधिकार प्रदान किये गए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**40. जर्मेनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे दुर्लभ मृदा तत्त्व के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।
2. इसकी ऊष्मा प्रतिरोधकता और दक्षता के कारण इसका उपयोग फाइबर-ऑप्टिक केबल, इन्फ्रारेड उपकरणों एवं सोलर सेल में किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**41. रियल-टाइम फॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम (RTFAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मध्य प्रदेश भारत का पहला राज्य है जिसने AI-आधारित रियल-टाइम फॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम (RTFAS) लागू किया है।
2. यह एक क्लाउड-आधारित AI प्रणाली है जो वनों की निगरानी करने और उपग्रह डेटा के माध्यम से भूमि-उपयोग परिवर्तनों का पता लगाने के लिये गूगल अर्थ इंजन (Google Earth Engine) का उपयोग करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे विद्युत-रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करते हैं।
2. वे उप-उत्पाद के रूप में केवल जल उत्सर्जित करते हैं।
3. वे बाह्य सर्किट के माध्यम से प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉनों की गति के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करते हैं।

**उपर्युक्त विशेषताओं में से कितनी हाइड्रोजन ईंधन सेल से संबंधित नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. इनमे से कोई भी नहीं

**43. लकड़बग्घा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चित्तीदार लकड़बग्घे कुशल परभक्षी और साथ ही मृत जीवों के भक्षी होते हैं, जो सक्रिय रूप से समूहों में शिकार करते हैं। ये सामान्यत: छल से अन्य जीवों के शिकार का भक्षण (kleptoparasitism) करते हैं।
2. वे परभक्षियों के रूप में शाकभक्षी समष्टि को नियंत्रित करने, मृत जीवों के भक्षी के रूप में रोगों के संचरण को रोकने और पोषक तत्त्वों को पुन:चक्रित करने में महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिका निभाते हैं

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**44. माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (MFI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MFI ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को छोटे ऋण एवं अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनकी बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच नहीं है।
2. भारत में वित्त मंत्रालय द्वारा NBFC-MFI ढाँचे के तहत MFI को विनियमित किया जाता है।
3. MFI ऋण के अतिरिक्त बचत, बीमा और निधि अंतरण जैसी सेवाएँ भी प्रदान कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**45. सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें ऑक्सीडाइज़र के रूप में तरल ऑक्सीजन और ईंधन के रूप में परिष्कृत केरोसीन का उपयोग होता है।
2. क्रायोजेनिक इंजन की तुलना में, सेमी-क्रायोजेनिक इंजन उच्च घनत्व आवेग के साथ अधिक लागत-प्रभावशील हैं।
3. सेमी-क्रायोजेनिक इंजन में ईंधन और ऑक्सीडाइज़र दोनों को क्रायोजेनिक तापमान पर संग्रहित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्षुद्रग्रह प्रारंभिक सौरमंडल के अवशेष हैं और अधिकांशत: यह मंगल एवं बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट में पाए जाते हैं।
2. ट्रोजन ऐसे क्षुद्रग्रह हैं जो लैग्रेंजियन बिंदुओं पर किसी ग्रह की कक्षा साझा करते हैं तथा केवल क्षुद्रग्रह बेल्ट में ही पाए जाते हैं।
3. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) के हेरा मिशन और भारत में इसरो के नेत्र का मुख्य बल निकट-पृथ्वी वस्तुओं (NEO) तथा अंतरिक्ष मलबे की निगरानी करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**47. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | अंतरिक्ष परियोजना | सहयोगी देश |
|---|---|---|
| 1. | निसार | भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2. | ल्यूपेक्स | भारत और जापान |
| 3. | मेघा-ट्रापिक्स | भारत और फ्राँस |

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) के तहत अपशिष्ट से संसाधन पहल बेकार पड़ी सामग्रियों को कला और उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित करने पर केंद्रित है।
2. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र एक अपशिष्ट प्रबंधन नीति है जो उत्पादकों को उनके उत्पादों के संपूर्ण जीवनचक्र के लिये उत्तरदायी बनाती है, जिसमें संग्रहण, पुनर्चक्रण और निपटान शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**49. क्लोरपाइरीफोस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लोरपाइरीफोस एक ऑर्गनोफॉस्फेट कीटनाशक है जिसका उपयोग भारत में कृषि और सार्वजनिक स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिये कीटों को नियंत्रित करने के लिये व्यापक रूप से किया जाता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अत्यधिक खतरनाक माना है तथा यह कैंसरकारी भी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**50. स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. POP को स्टॉकहोम कन्वेंशन के तहत विनियमित किया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर इन परिसंकटमय पदार्थों के उत्पादन और उपयोग को समाप्त करना अथवा प्रतिबंधित करना है।
2. एंडोसल्फान, एक ज्ञात POP, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके प्रतिकूल प्रभाव के कारण भारत में प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये टिड्डे हैं एक्रिडिडे कुल से संबंधित हैं।
2. यह तब तक एकांतवासी कीट होते हैं जब तक कि उनमें समूहीकरण नामक परिवर्तन नहीं आ जाता।
3. ये सीमापारीय कीट हैं जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया के बीच गमन करते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. डेज़र्ट लोकस्ट (Schistocerca Gregaria)

B. ब्राउन प्लांटहोप्पर (Nilaparvata lugens)

C. फॉल आर्मीवॉर्म (Spodoptera frugiperda)

D. रेड कॉटन बग (Dysdercus cingulatus)

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक रात्रिचर प्राणी है और अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले शाकाहारी जानवरों की छोटी प्रजातियों, जैसे चीतल, हॉग डियर और जंगली सूअर को खाता है।
2. यह उप-सहारा अफ्रीका में, पश्चिमी और मध्य एशिया के छोटे भागों में, भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया तक विस्तृत क्षेत्र में पाया जाता है।
3. इसे आईयूसीएन रेड लिस्ट में तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में संवेदनशील के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति उपरोक्त विवरण से सबसे अच्छी तरह मेल खाती है?**

A. तेंदुआ

B. हाथी

C. एशियाई शेर

D. सोनकुत्ता

**53. रेड एडमिरल बटरफ्लाई के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सर्वप्रथम भारत के हिमाचल प्रदेश में धौलाधार पर्वत श्रृंखला में देखा गया है।
2. इसके लार्वा स्टिंगिंग नेटल (Urtica dioica) पर फीड करते हैं, जिसकी पश्चिमी हिमालय में प्रचुरता मात्रा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**54. रेड-क्राउन्ड रूफ्ड टर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नमामि गंगे मिशन के तहत रेड-क्राउन्ड रूफ्ड टर्टल को गंगा नदी में पुन: डाला गया है।
2. यह स्वच्छ जल का कछुआ है जो जियोमाइडीडे परिवार से संबंधित है।
3. आईयूसीएन रेड लिस्ट में इसे लुप्तप्राय प्रजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**55. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम, 2024 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्थानीय निकायों को अगले पाँच वर्षों तक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन का वार्षिक आकलन करना होगा।
2. एक डिजिटल पोर्टल उत्पादकों, आयातकों और निर्माताओं को पंजीकृत करता है तथा 30 दिनों के बाद स्वत: अनुमोदन मिल जाता है।
3. प्लास्टिक पैकेजिंग शुरू करने वाली संस्थाएं इसके संग्रहण और निपटान के लिये ज़िम्मेदार हैं।
4. निर्माताओं, आयातकों, पुनर्चक्रणकर्ताओं और विक्रेताओं को प्रतिवर्ष एक डिजिटल रिपोर्ट दर्ज करनी होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1, 3 और 4

C. केवल 1, 2 और 3

D. 2, 3 और 4

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माइक्रोप्लास्टिक जलीय वातावरण में विषैले रसायनों और रोगाणुओं के वाहक के रूप में कार्य कर सकते हैं, जिससे पारिस्थितिकी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकते हैं।
2. नैनोप्लास्टिक्स, जो माइक्रोप्लास्टिक्स से छोटे होते हैं, जैविक झिल्लियों को पार कर सकते हैं तथा मानव रक्त एवं प्लेसेंटल ऊतकों में पाए गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**57. क्लाउड सीडिंग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्लाउड सीडिंग सिल्वर आयोडाइड और पोटेशियम आयोडाइड जैसे रसायनों को बादलों में विसरित करके वर्षा उत्पन्न करती है।
2. स्थैतिक क्लाउड सीडिंग का उपयोग ऊर्ध्वाधर वायु धाराओं को बढ़ाकर वर्षा को प्रोत्साहित करने के लिये किया जाता है।
3. हाइग्रोस्कोपिक क्लाउड सीडिंग में बादल की बूंदों के आकार को बढ़ाने के लिये लवण के बारीक कणों का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 1 और 3
3. केवल 1
4. 1, 2 और 3

**58. साओला (Pseudoryx nghetinhensis) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे "एशियाई यूनिकॉर्न" के नाम से भी जाना जाता है और यह बोविड वंश से संबंधित है।
2. यह भारत और नेपाल के बीच हिमालय के ऊँचे वनों में पाया जाता है।
3. इसे IUCN (अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ) द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से -सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी घाट में विस्तारित है और दिसम्बर 2011 में इसे एक वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था।
2. इसका नाम एक किले के नाम पर रखा गया है, जिसे 17वीं शताब्दी में शिवाजी ने पुर्तगाली सेनाओं के खिलाफ सुरक्षा हेतु बनवाया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. इसे बारापेडे गुफाओं में पाए जाने वाले रॉटन फ्री-टेल्ड बैट के एकमात्र ज्ञात प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है ?**

A. पेरियार वन्यजीव अभयारण्य

B. जम्बुघोडा वन्यजीव अभयारण्य

C. भीमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य

D. बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान

## रक्षा एवं सुरक्षा

**60. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड ( NSAB ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) के अधीन कार्यरत है तथा दो अन्य प्रमुख निकायों; सामरिक नीतिगत समूह (SPG) और संयुक्त खुफिया समिति (JIC) के साथ मिलकर कार्य करता है।
2. इसके द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) को बाहरी खतरों, आंतरिक स्थिरता और उभरती चुनौतियों पर सलाह दी जाती है।
3. NSAB की संरचना लचीली है और इसमें सदस्यों की कोई निश्चित संख्या नहीं है तथा नियुक्तियाँ दो वर्ष की अवधि के लिए की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक हाई-एल्टीट्यूड स्यूडो-सैटेलाइट (HAPS) के रूप में कार्य करता है, जो लंबे समय तक वायु में बना रह सकता है और उत्थान शक्ति के लिये हीलियम का उपयोग करता है।
2. उपग्रहों और वायुयानों की तरह, स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप भी अक्सर अपनी स्थिति बदलते रहते हैं तथा एक ही क्षेत्र में लम्बे समय तक अपनी उपस्थिति कायम नहीं रख सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्टील्थ युद्धपोत है, जिसे वर्ष 2016 के भारत-रूस समझौते के तहत बनाया गया है, जिसके दो पोत रूस में और दो भारत में बनाए गए हैं।
2. इसकी गति 30 नॉट तक है तथा प्रति मिशन इसकी रेंज 3,000 कि.मी है।
3. यह ब्रह्मोस मिसाइल जैसे टॉरपीडो और रॉकेट प्रणालियों से सुसज्जित है।
4. यह उन्नत निगरानी और युद्ध के लिये बहुउद्देशी हेलीकॉप्टर का संचालन कर सकता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा युद्धपोत उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है ?**

A. INS इंफाल

B. INS तमाल

C. INS विक्रमादित्य

D. INS विक्रांत

## इतिहास

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने मालवा की कमान संभाली और वर्ष 1767 में इंदौर की शासक बनीं।
2. उन्होंने खुशाली राम, मराठी कवि मोरोपंत और शाहिर अनंतफंडी जैसे विद्वानों को संरक्षण दिया।
3. उन्होंने महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया और भील, गोंड जनजातियों तथा निम्न जातियों का उत्थान करते हुए सती जैसी प्रथाओं का विरोध किया।
4. उन्होंने महेश्वर और इंदौर को प्रमुख व्यापार केंद्र बनाया, माहेश्वरी बुनाई उद्योग को बढ़ावा दिया तथा माहेश्वरी साड़ियों को पूरे भारत में प्रसिद्ध बनाया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. रानी अहिल्याबाई होल्कर

B. बेगम हज़रत महल

C. महारानी ताराबाई

D. रानी चन्नम्मा

**64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महाराणा उदय सिंह द्वितीय, उदयपुर शहर के संस्थापक थे।
2. हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप और आमेर के राजा मान सिंह के बीच हुआ था।
3. महाराणा प्रताप के बाद उनके पुत्र अमर सिंह ने राजगद्दी संभाली।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**65. बौद्ध धर्म के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया था, जिसे महापरिनिर्वाण भी कहा जाता है।
2. त्रिपिटक, बौद्ध धर्म का पवित्र ग्रंथ, सम्राट अशोक के शासनकाल के दौरान पहली बार लिपिबद्ध किया गया था।
3. महायान बौद्ध धर्म ने बोधिसत्वों की अवधारणा और मूर्तिपूजा की परंपरा की शुरुआत की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

## विविध

**66. हाल ही में समाचारों में रहे एजेंट ऑरेंज का सबसे बेहतर वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?**

A. यह इराक में अमेरिकी हवाई हमले हेतु एक सैन्य कोड नाम है।

B. यह वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा इस्तेमाल किया गया एक विषैला शाकनाशी मिश्रण है।

C. यह तीव्र फसल विकास के लिए विकसित रासायनिक उर्वरक का एक प्रकार है।

D. यह एक संक्रामक वायरल रोग है जिससे 1970 के दशक में दक्षिण पूर्व एशिया प्रभावित हुआ था।

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (B) | 4. (D) | 5. (A) | 6. (D) | 7. (C) | 8. (A) | 9. (C) | 10. (C) |
| 11. (C) | 12. (B) | 13. (B) | 14. (B) | 15. (D) | 16. (A) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (B) | 20. (C) |
| 21. (A) | 22. (C) | 23. (C) | 24. (A) | 25. (A) | 26. (C) | 27. (C) | 28. (D) | 29. (B) | 30. (D) |
| 31. (C) | 32. (D) | 33. (C) | 34. (A) | 35. (C) | 36. (B) | 370. (A) | 38. (A) | 39. (A) | 40. (B) |
| 41. (C) | 42. (D) | 43. (C) | 44. (C) | 45. (A) | 46. (C) | 47. (C) | 48. (C) | 49. (A) | 50. (C) |
| 51. (A) | 52. (A) | 53. (C) | 54. (A) | 55. (C) | 56. (D) | 57. (B) | 58. (B) | 59. (C) | 60. (C) |
| 61. (B) | 62. (B) | 63. (A) | 64. (D) | 65. (D) | 66. (B) | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

# व्याख्या

## भारतीय कला एवं संस्कृति

1.

उत्तर: A

व्याख्या:

- कंबोडिया में स्थित **अंकोर वाट विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक** है, और इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में खमेर राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने कराया था। मूल रूप से **हिंदू धर्म के भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर कालांतर में बौद्ध मंदिर में परिवर्तित हो गया और वर्ष 1992 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** घोषित किया गया। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **म्याँमार के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बागान** में अनेकों बौद्ध मठ और स्तूप हैं, जिनमें **थेरवाद बौद्ध कला** और वास्तुकला का प्रभुत्व है और ये बौद्ध धर्म के प्रसार में भारत द्वारा भेजे गए मिशनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **बोरोबुदुर**, जो कि **इंडोनेशिया के मध्य जावा** में स्थित एक **वृहद बौद्ध स्मारक** है, **स्तूप, मंदिर पर्वत** (हिंदू पौराणिक माउंट मेरु से प्रेरित) और **मंडल** (सृष्टि का रहस्यमय प्रतीक) के रूपों को एक साथ मिलाता है। यह संरचना भारतीय गुप्त और उत्तर-गुप्त कला से प्रभावित है, और इसे वर्ष 1991 में **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** के रूप में घोषित किया गया। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

**सातवाहन राजवंश:**

- **दक्कन** और **मध्य भारत** में **मौर्य** शासन के पश्चात् सातवाहन वंश (ईसा पूर्व पहली शताब्दी से ईसवी तीसरी शताब्दी के प्रारंभ तक) का प्रभुत्व स्थापित हुआ, जिनका आरंभिक शासन केंद्र **उत्तर महाराष्ट्र** (ऊपरी **गोदावरी घाटी**) था और कालांतर में इसका विस्तार **कर्नाटक** और **आंध्र** में हुआ।
  - उनकी पहचान पुराणों में वर्णित **आंध्रों** से की जाती है, यद्यपि अभिलेखों में इस नाम का प्रयोग नहीं किया गया है।
- सातवाहन अपनी **शैलकृत वास्तुकला** के लिये जाने जाते हैं, जिनमें **कार्ले चैत्य** और **नासिक विहार** जैसे उल्लेखनीय उदाहरण शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अमरावती स्तूप** का पुनर्निर्माण सातवाहन काल के दौरान किया गया था, जिसमें **बुद्ध के जीवन** से संबंधित जटिल मूर्तियों का अंकन किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - अमरावती स्तूप का **निर्माण** लगभग 230 ईसा पूर्व से 220 ईसवी के बीच हुआ था।
- सातवाहनों की आधिकारिक भाषा **प्राकृत** थी और उनके अभिलेख ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे। **अत: कथन 3 सही है।**

3.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ओडिशा के नियामगिरि पहाड़ियों** में निवासरत **डोंगरिया कोंध एक विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG)** हैं, जो प्रकृति के साथ अपने आध्यात्मिक बंधन और विशिष्ट संस्कृति के लिये जाने जाते हैं।
  - वे पहाड़ियों के देवता **नियम राजा** की पूजा करते हैं और **पोडु (स्थानांतरित) खेती** जैसी परंपराओं का पालन करते हैं।
- वे कुई नामक एक प्राचीन **द्रविड़ भाषा बोलते हैं और पीढ़ियों से गीतों और नृत्य की मौखिक परंपराओं** के माध्यम से अपने पूर्वजों का ज्ञान संजोते हैं (इस भाषा की कोई लिपि नहीं है)।
  - इस जनजाति की कई **उप-जनजातियाँ** हैं, जैसे **कोवी, कुट्टिया, लंगुली, पेंगा, और झर्निया (झरनों की रक्षक)।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- वर्ष 2000 के दशक में इस जनजाति ने वेदांता कंपनी की अपनी **भूमि पर खनन परियोजनाओं** का दृढ़ता से विरोध किया।
  - यह विरोध **वर्ष 2013 में एक ऐतिहासिक सर्वोच्च न्यायालय के फैसले** में परिणत हुआ, जिसमें **ग्राम सभा** को अपनी भूमि पर खनन परियोजनाओं को अस्वीकार करने का संवैधानिक अधिकार दिया गया।
- **अत: विकल्प B सही है।**

## राजव्यवस्था एवं शासन

**4.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**निजी सदस्य के विधेयक**

- **PMB ऐसे सांसदों ( MP ) द्वारा प्रस्तुत विधायी प्रस्ताव** हैं, जो **मंत्री नहीं** हैं (अर्थात, सरकार का हिस्सा नहीं हैं), जिससे उन्हें मुद्दे उठाने और अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिये महत्त्वपूर्ण मामलों पर विधि अथवा संशोधन का सुझाव देने की सुविधा मिलती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **मसौदा तैयार करना और नोटिस: संसद सदस्य** (MP) कम से कम **एक महीने के नोटिस के साथ विधेयक का मसौदा तैयार** करते हैं और उसे प्रस्तुत करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **विधेयक संसद में प्रस्तुत** किये जाते हैं, उसके बाद **प्रारंभिक चर्चा** होती है। यदि चुना जाता है, तो **विधेयकों पर बहस** होती है, आमतौर पर **शुक्रवार दोपहर के सीमित सत्रों में**। **अत: कथन 3 सही है।**

**5.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पंचायत:**

- **अनुच्छेद 40** (राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत) राज्य को ग्राम पंचायतों को संगठित करने और उन्हें उचित रूप से सशक्त बनाने का निर्देश देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- PAI या **पंचायत उन्नति सूचकांक,** सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को स्थानीय बनाने और ज़मीनी स्तर पर शासन को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- **पंचायती राज मंत्रालय** द्वारा शुरू किये गए इस परिवर्तनकारी उपकरण का उद्देश्य पूरे भारत में 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों (GP) की प्रगति का आकलन करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** द्वारा विकसित **सतत् विकास लक्ष्यों (LSDG)** के स्थानीयकरण और **राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (NIF)** के अनुरूप है।
- यह भागीदारीपूर्ण, ऊर्ध्वगामी शासन को बढ़ावा देने, सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के माध्यम से ग्राम पंचायतों के विकास का आकलन करने, सुधार क्षेत्रों की पहचान करने और साक्ष्य-आधारित नियोजन को सक्षम बनाने के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्य 2030 एजेंडा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**6.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1961 में, केंद्र सरकार ने राज्यों को सर्वेक्षण करने और OBC की राज्य-विशिष्ट सूचियाँ संकलित करने की अनुमति दी। अंतिम राष्ट्रीय जाति डेटा संग्रह **वर्ष 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) के माध्यम से किया गया था,** जिसका उद्देश्य जाति की जानकारी के साथ-साथ परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का आकलन करना था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1881 से 1931 तक ब्रिटिश शासन के दौरान जाति गणना जनगणना अभ्यास की एक नियमित विशेषता थी, जबकि वर्ष 1941 की जनगणना में भी जाति की जानकारी एकत्र की गई थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत के कारण इसे प्रकाशित नहीं किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि **अनुच्छेद 340 पिछड़े वर्गों की पहचान की अनुमति देता है,** लेकिन सामान्य जनगणना में जाति गणना के लिये कोई संवैधानिक आदेश नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

7.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **संसदीय निगरानी के संवैधानिक प्रावधान:**
  - **अनुच्छेद** 75 में कहा गया है कि मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति जवाबदेह है, जो वेस्टमिंस्टर प्रणाली से संबंधित लोकतंत्र में कार्यकारी जवाबदेही सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **अनुच्छेद** 108 राष्ट्रपति को विधायी मतभेदों को हल करने के लिये दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाने की अनुमति देता है।
  - **अनुच्छेद** 111 राष्ट्रपति को किसी विधेयक (धन विधेयकों को छोड़कर) को मंजूरी देने, रोकने या पुनर्विचार के लिये संसद को वापस भेजने का अधिकार प्रदान करता है। यह शक्ति विधायी कार्यों पर एक नियंत्रण के रूप में कार्य करती है।
  - **अनुच्छेद** 113 यह सुनिश्चित करता है कि सरकार किसी भी प्रकार का व्यय तब तक नहीं कर सकती जब तक कि **उसे संसद द्वारा विनियोजन विधेयक के माध्यम से अनुमोदित न किया जाए। अत: कथन 2 सही है।**
  - **अनुच्छेद** 114 संचित निधि से व्यय की स्वीकृति को नियंत्रित करता है।

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

**लोक लेखा समिति:**

- लोक लेखा समिति की स्थापना मूल रूप से वर्ष 1921 में मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों के बाद की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समिति का प्रतिवर्ष पुनर्गठन किया जाता है।
- इसमें अधिकतम 22 सदस्य होते हैं - 15 सदस्यों को लोकसभा द्वारा अपने सदस्यों में से एकल हस्तांतरणीय वोट के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली का उपयोग करके प्रतिवर्ष चुना जाता है, जबकि अधिकतम 7 सदस्यों को इसी तरह राज्यसभा द्वारा चुना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - प्रत्येक सदस्य एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करता है।
- मंत्रियों को समिति में निर्वाचित होने के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जाता है, तथा यदि किसी विद्यमान सदस्य को मंत्री नियुक्त किया जाता है, तो ऐसी नियुक्ति की तिथि से उसकी सदस्यता स्वत: ही समाप्त हो जाती है।
- समिति का अध्यक्ष लोकसभा के सदस्यों में से लोकसभा के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारत में जल प्रबंधन से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:**

- **संघ सूची की प्रविष्टि 56:** यह संघ सरकार को **अंतर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों को विनियमित करने और विकसित करने का अधिकार प्रदान करती है,** जैसा कि संसद द्वारा सार्वजनिक हित के लिये आवश्यक समझा जाए।
- **समवर्ती सूची की प्रविष्टि 32: यह यंत्रचालित जहाज़ों** के संबंध में **अंतर्देशीय जलमार्गों** पर **परिवहन और नौवहन** तथा ऐसे जलमार्गों पर सड़क के नियम से संबंधित है।
- **राज्य सूची की प्रविष्टि** 17: यह **जल से संबंधित है तथा इसमें जल आपूर्ति, सिंचाई, नहरें, जल निकासी, तटबंध, जल भंडारण** और जल विद्युत जैसे पहलू शामिल हैं।
- **अत: विकल्प C सही है।**

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने** सार्वजनिक सेवाओं की भर्ती और नियंत्रण के प्रबंधन के लिये भारत में एक **लोक सेवा आयोग** की स्थापना का प्रावधान किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **ली आयोग ( वर्ष 1924 )** की सिफारिशों पर वर्ष 1926 में लोक **सेवा आयोग** गठित किया गया, जिसके पहले अध्यक्ष **सर रॉस बार्कर** थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अलावा, **भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने** संघ के लिये एक **लोक सेवा आयोग और** प्रत्येक प्रांत या प्रांतों के समूह के लिये एक **प्रांतीय लोक सेवा आयोग की स्थापना की।**
  - अधिनियम के कार्यान्वयन के साथ, लोक सेवा आयोग संघीय लोक सेवा आयोग बन गया।
  - **26 जनवरी 1950 को** भारतीय संविधान को अपनाने के साथ ही संघीय लोक सेवा आयोग **संघ लोक सेवा आयोग** बन गया।
    - पूर्व आयोग के अध्यक्ष और सदस्य **संविधान के अनुच्छेद 378( 1 ) के अंतर्गत नए निकाय में स्थानांतरित** हो गए।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद** 312 के तहत संसद को अखिल भारतीय सेवाएँ स्थापित करने का अधिकार प्राप्त है, जिनकी नियुक्ति **संघ लोक सेवा आयोग** ( UPSC ) द्वारा की जाती है। राज्य स्तर पर नियुक्तियों की ज़िम्मेदारी **राज्य लोक सेवा आयोगों** ( SPSC ) की होती है।
  - UPSC और SPSC स्वतंत्र संवैधानिक निकाय हैं। भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 315 से 323 ( भाग XIV )** इनकी संरचना, सदस्यों की नियुक्ति और हटाने की प्रक्रिया, तथा उनके अधिकारों और कार्यों को नियंत्रित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

11.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सहकारी समितियाँ:**

- सहकारी समिति एक **स्वैच्छिक, सदस्य-स्वामित्व वाला संगठन है** , जो लाभ-संचालित उद्यमों से अलग, स्व-सहायता, पारस्परिक सहायता और सामुदायिक कल्याण के माध्यम से आम आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये बनाया गया है।
- **सहकारी आंदोलन का विकास:**
  - **मैक्लेगन समिति ( वर्ष 1914 )** ने सहकारी वित्त के लिये संरचनात्मक ढाँचे को आकार देते हुए **त्रि-स्तरीय सहकारी बैंकिंग प्रणाली की** सिफारिश की। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **97वें संविधान संशोधन ( 2011 )** ने सहकारी समितियों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया तथा अनुच्छेद 43B को नीति निर्देशक सिद्धांत के रूप में शामिल किया, जिसमें राज्य से सहकारी समितियों के विकास को बढ़ावा देने का आग्रह किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **सहकारिता मंत्रालय की स्थापना वर्ष 2021 में की गई थी,** जो आर्थिक प्रगति में प्रमुख योगदानकर्त्ता के रूप में सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देता है।

12.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय भूजल बोर्ड ( CGWB )**

- **केंद्रीय भूजल बोर्ड ( CGWB ) जल शक्ति मंत्रालय** के तहत **राष्ट्रीय शीर्ष वैज्ञानिक संगठन** है जो भारत में भूजल संसाधनों के मूल्यांकन, संवर्धन, विनियमन और प्रबंधन हेतु ज़िम्मेदार है।
  - जबकि CGWB **भूजल विनियमन और नीति समर्थन में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है** , यह एक कानून द्वारा स्थापित नहीं है, **इसलिये यह एक वैधानिक निकाय नहीं है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्रीय **भूजल प्राधिकरण ( CGWA ) का गठन पर्यावरण ( संरक्षण ) अधिनियम, 1986 के तहत** किया गया था, न कि **जल ( प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण ) अधिनियम, 1974 के तहत। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- NAQUIM (**नेशनल एक्विफर मैपिंग एंड मैनेजमेंट) कार्यक्रम** CGWB की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य **मानचित्रण, जलभृतों की विशेषता बताना** और **क्षेत्र-विशिष्ट भूजल प्रबंधन योजनाएँ तैयार करना है। अतः कथन 3 सही है।**

13.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**SVAMITVA योजना (गाँवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीक के साथ मानचित्रण):**

- यह **ड्रोन और GIS तकनीक** का उपयोग करके **ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय संपत्तियों का कानूनी स्वामित्व** प्रदान करने के लिये एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **ग्रामीण संपत्ति मालिकों के लिये अधिकारों का रिकॉर्ड** बनाना था, जिसमें आबादी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- अप्रैल 2025 तक, इस योजना के तहत 1.6 लाख गाँवों में 24.4 मिलियन परिवारों को संपत्ति कार्ड जारी किये गए हैं, जिससे **1.162 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य** की भूमि का पता चला है।
- स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रौद्योगिकी से सर्वेक्षण और मानचित्रों) योजना को **पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020** में शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **ग्राम प्रबंधन मंच:** यह एक GIS-आधारित मंच है, जिसे **ग्रामीण शासन और योजना को सशक्त** बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- यह ज़मीनी स्तर पर प्रभावी निर्णय लेने के लिये दृश्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने हेतु **भू-स्थानिक डेटा** को मौजूदा योजनाओं के साथ एकीकृत करता है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था

14.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC)** द्वारा ग्लोबल विंड रिपोर्ट, 2025 प्रकाशित की गई।
- इसमें चेतावनी दी गई है कि अनुमानित पवन क्षमता द्वारा वर्ष 2030 के लक्ष्यों में से केवल 77% की ही पूर्ति हो पाएगी, जिससे तापमान को **2°C** (अधिमानतः 1.5°C) से नीचे तक सीमित रखने के **नेट-ज़ीरो** एवं **पेरिस समझौते** संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने में बाधा आएगी।
- कुल संस्थापित पवन ऊर्जा क्षमता की दृष्टि से भारत **विश्व स्तर पर चौथे स्थान** पर है, जिससे ऊपर **केवल चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी** हैं।
  - वर्ष 2025 के अनुसार, भारत में शीर्ष पवन ऊर्जा उत्पादक राज्य **गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु** हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

15.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उचित एवं लाभकारी मूल्य (FRP):**

- **FRP** वह न्यूनतम मूल्य है जिस पर चीनी मिलों को भारत में किसानों से गन्ना खरीदना कानूनी तौर पर अनिवार्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FRP गन्ना उद्योग के पुनर्गठन पर रंगराजन समिति की रिपोर्ट (वर्ष 2012) पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका निर्धारण **कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP)** की सिफारिशों तथा राज्य सरकारों एवं अन्य हितधारकों के साथ परामर्श के बाद किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

16.

उत्तर: A

व्याख्या:

**किसान उत्पादक संगठन**

- FPO एक प्रकार का उत्पादक संगठन (PO) है, जिसके सदस्य किसान होते हैं और इसका **संवर्द्धन लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC)** द्वारा समर्थित होता है। FPO वर्ष 2008 में अस्तित्व में आए, जो कि **कंपनी अधिनियम, 1956** में अर्थशास्त्री **वाई.के. अलघ** द्वारा किये गए संशोधन की अनुशंसा (2002) से प्रेरित थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- FPO को **कंपनी अधिनियम, 2013, सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860,** अथवा भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारत के कृषि क्षेत्र में लघु और सीमांत किसानों का प्रभुत्व है (87% के पास 2 हेक्टेयर से कम भूमि है), जो ऋतुनिष्ठ और बाज़ार जोखिमों का सामना करते हैं, तथा उचित मूल्य प्राप्त करने के लिये संघर्ष करते हैं। FPO लघु किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा, बेहतर सौदाकारी की शक्ति, तथा अल्प लागत पर बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करके सहायता करते हैं। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत को वर्ष 2025 की **मानव विकास रिपोर्ट (HDR)** में **193 देशों और क्षेत्रों में से 130वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।** यह रिपोर्ट **"ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई"** शीर्षक से **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** द्वारा जारी की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - HDRs को 1990 से ही जारी किया जा रहा है तथा इनमें मानव विकास दृष्टिकोण के माध्यम से विभिन्न विषयों का अन्वेषण किया जाता है।
- UNDP मानव विकास सूचकांक (HDI) की गणना के लिये जीवन प्रत्याशा, अपेक्षित शिक्षा वर्षों, औसत शिक्षा वर्षों और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI) जैसे संकेतकों को मान्यता देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

18.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारत की ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI):**

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (NGHM) के तहत भारत की ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI) शुरू की है।
- अनुपालन सुनिश्चित करने के क्रम में इसे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा मान्यता प्राप्त कार्बन सत्यापन (ACV) एजेंसी द्वारा सत्यापित किया जाना शामिल है। यह प्रमाणपत्र हस्तांतरणीय न होने के साथ इसका व्यापार नहीं किया जा सकता है तथा इसका उपयोग उत्सर्जन कटौती क्रेडिट का दावा करने के लिये भी नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह प्रमाणन योजना केवल इलेक्ट्रोलिसिस या बायोमास के रूपांतरण से **ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन पर लागू है। अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत कांडला, पारादीप और तूतीकोरिन जैसे अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह शहरों को निर्यात के क्रम में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के मुख्य केंद्र के रूप में चुना गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

19.

उत्तर: B

व्याख्या:

**इनसाइडर ट्रेडिंग:**

- **आंतरिक व्यापार (इंसाइडर ट्रेडिंग)** उस अवैध अभ्यास को कहते हैं, जिसमें किसी सार्वजनिक रूप से व्यापारित कंपनी के स्टॉक या सुरक्षा को कंपनी के बारे में महत्त्वपूर्ण, अप्रकाशित जानकारी (Material, Non-Public Information - MNPI) के आधार पर खरीदा या बेचा जाता है।
- यह व्यापारी को अन्य निवेशकों पर अनुचित लाभ प्रदान करता है और बाज़ार की निष्पक्षता को कमज़ोर करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- आंतरिक व्यक्ति में **कंपनी के कार्यकारी**, **निदेशक**, गोपनीय डेटा (जो स्टॉक कीमतों को प्रभावित करता है) तक पहुँच रखने वाले कर्मचारी, उनके संबंधी या सहयोगी, और कंपनी के साथ कार्य कर रहे पेशेवर जैसे वकील, बैंकर्स या ऑडिटर्स शामिल हो सकते हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**20.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO) रिपोर्ट:**

- **वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO)** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा जारी एक प्रमुख रिपोर्ट है।
- यह उन्नत और विकासशील दोनों देशों के लिये **विकास, मुद्रास्फीति, बेरोज़गारी और व्यापार** पर आँकड़ों सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था का विस्तृत विश्लेषण तथा अनुमान प्रदान करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अप्रैल 2025 के **वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO)** में अनुमान लगाया गया है कि भारत वर्ष 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**21.**

**उत्तर: A**

**एक्सप:**

**बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR)**

- **बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR)** से तात्पर्य **रचनाकारों, आविष्कारकों और व्यवसायों को** उनके आविष्कारों, डिज़ाइन, ब्रांड एवं रचनात्मक कार्यों के लिये दी जाने वाली कानूनी सुरक्षा से है। इसमें **पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिज़ाइन, भौगोलिक संकेत व व्यापार रहस्य शामिल हैं, जो सभी मन की अनूठी रचनाओं की रक्षा करते हैं।**
- विश्व **बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) (मुख्यालय-जिनेवा)** एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय है जो **बौद्धिक संपदा अधिकारों के वैश्विक संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है। अतः कथन 1 सही है।**
    - यह अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारित करता है तथा इस संबंध में सदस्य देशों के बीच सहयोग को सुगम बनाता है।
- भारतीय **पेटेंट अधिनियम** 1970 भारत में पेटेंट को नियंत्रित करने वाला प्राथमिक कानून है। पेटेंट प्रदान करने और पेटेंट से संबंधित मामलों को संभालने सहित अधिनियम का प्रशासन, **पेटेंट, डिज़ाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक (CGPDTM) के कार्यालय द्वारा प्रबंधित किया जाता है। अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय **बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) नीति, 2016 का** उद्देश्य **पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और डिज़ाइन सहित बौद्धिक संपदा के सभी रूपों को बढ़ावा देना है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI)**

- MFI ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को छोटे ऋण एवं अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनकी बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- माइक्रोफाइनेंस का लक्ष्य निम्न आय वाले और बेरोज़गार लोगों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है।
- यह वित्तीय समावेशन के लिये एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती हैं तथा हाशिये पर स्थित और निम्न आय वर्ग के लोगों (विशेषकर महिलाओं) को सामाजिक समानता एवं सशक्तीकरण में मदद करती हैं।
- भारत में RBI द्वारा NBFC-MFI ढाँचे (2014) के तहत MFI को विनियमित किया जाता है जिसमें ग्राहक संरक्षण, उधारकर्त्ता सुरक्षा, गोपनीयता एवं ऋण मूल्य निर्धारण शामिल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- MFI का मुख्य कार्य ऋण प्रदान करना है लेकिन इनके द्वारा कई वित्तीय सेवाओं जैसे **बचत विकल्प, माइक्रो-बीमा उत्पाद** तथा **फंड ट्रांसफर जैसी सुविधाएँ** प्रदान की जाती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद** 112 के अनुसार, वार्षिक वित्तीय विवरण (केंद्रीय बजट) में सरकार के राजस्व व्यय को अन्य प्रकार के व्ययों से पृथक रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिये।
  - इसका परिणाम यह है कि सरकारी बजट में राजस्व बजट और पूंजीगत बजट दोनों सम्मिलित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन को पूंजीगत व्यय नहीं, बल्कि राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। राजस्व व्यय वे दैनिक परिचालन व्यय होते हैं, जिनसे किसी संपत्ति का निर्माण नहीं होता। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों और अन्य संस्थाओं को दी जाने वाली अनुदान राशि को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, भले ही इन अनुदानों का एक भाग संपत्ति निर्माण के लिये प्रयुक्त किया जाए। **अतः कथन 3 सही है।**

24.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक SIDBI **अधिनियम, 1989** के तहत स्थापित एक **वैधानिक निकाय है। अतः कथन 1 सही है।**
- **लखनऊ** , उत्तर प्रदेश में मुख्यालय वाला SIDBI भारत में MSME क्षेत्र के **प्रचार, वित्तपोषण और विकास के लिये प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **SIDBI भारत सरकार** की **पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

**बॉण्ड फॉरवर्ड**

- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** के बॉण्ड फॉरवड्र्स संबंधी मानदंडों का उद्देश्य भारत में सरकारी प्रतिभूतियों में फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स के व्यापार के लिये एक विनियमित ढाँचा स्थापित करना है।
- **फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट** दो पक्षों के बीच किसी परिसंपत्ति को **किसी निर्दिष्ट भविष्य की तिथि पर पूर्व निर्धारित मूल्य** पर खरीदने या बेचने के लिये किये गए अनुकूलित समझौते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य दीर्घकालिक निवेशकों (जैसे बीमा कंपनियाँ) को **ब्याज दर जोखिम से बचाव में सहायता करना, नकदी प्रवाह नियोजन में सुधार करना तथा बॉण्ड डेरिवेटिव बाज़ार को गहन बनाने** में सहायता करना है।
  - **अविनियमित FRA (फॉरवर्ड रेट एग्रीमेंट)** के विपरीत, जो केवल नकद निपटान की पेशकश करते हैं, जबकि **बॉण्ड फॉरवर्ड में बॉण्ड की वास्तविक डिलीवरी शामिल होती है,** जो ऐसे निवेशकों की आवश्यकताओं के साथ बेहतर ढंग से संरेखित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **प्रतिभागी: विदेशी मुद्रा प्रबंधन (ऋण उपकरण) विनियम,** 2019 के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिये पात्र निवासी और गैर-निवासी बॉण्ड फॉरवर्ड लेनदेन में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त **गैर-खुदरा उपयोगकर्त्ता** के रूप में वर्गीकृत किसी भी इकाई को उपयोगकर्त्ता के रूप में ऐसे लेनदेन करने की अनुमति है।
  - **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB), प्राथमिक डीलर** (बाज़ार निर्माता के रूप में) और बीमा कंपनियों जैसे संस्थागत निवेशक इसमें भाग ले सकते हैं, **जबकि लघु वित्त बैंक (SFB), भुगतान बैंक, स्थानीय क्षेत्र बैंक (LAB) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB)** इसमें शामिल नहीं हैं।
- **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **इंजेती श्रीनिवास समिति** का गठन भारत में **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** ढाँचे को मज़बूत बनाने के लिये सुधारों की सिफारिश करने हेतु किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसने **CSR व्यय को कर-कटौती योग्य** बनाने और कंपनियों को **3 से 5 वर्ष तक अप्रयुक्त निधियों को आगे ले जाने की अनुमति** देने का सुझाव दिया। समिति ने स्थानीय और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को संतुलित करने के लिये **कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII** को **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के साथ संरेखित करने** की वकालत की।
  - इसके अतिरिक्त, **सामाजिक प्रभाव बॉण्ड में CSR निवेश की अनुमति** देने और **सतत् विकास के साथ सामाजिक प्रभाव कंपनियों को बढ़ावा** देने तथा **योगदानकर्त्ताओं, लाभार्थियों और एजेंसियों को जोड़ने के लिये एक CSR एक्सचेंज पोर्टल के निर्माण** की सिफारिश की गई थी।
- **अत: विकल्प C सही है।**

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

27.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह:**

- विझिंजम भारत का पहला समर्पित ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह है और **देश का पहला अर्ध-स्वचालित बंदरगाह भी है।**
  - यह AI-संचालित नियंत्रण कक्ष और देश की **पहली स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली (VTMS)** से सुसज्जित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूरोप, फारस की खाड़ी और सुदूर पूर्व को जोड़ने वाले **प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों** से केवल **10 समुद्री मील की दूरी पर स्थित VIS,** बड़े जहाज़ों (18 से 20 मीटर की गहराई) के लिये पहुँच को बढ़ाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

28.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आर्कटिक परिषद:**

- आर्कटिक एक ऐसा क्षेत्र है जो आर्कटिक सर्कल के ऊपर, 66° 34' उत्तरी अक्षांश के उत्तर में स्थित है। इसमें आर्कटिक महासागर और उससे सटे भूभाग शामिल हैं, तथा इसका केंद्र उत्तरी ध्रुव (नॉर्थ पोल) है।
  - इस क्षेत्र में **आठ आर्कटिक राज्यों के क्षेत्र शामिल हैं:** कनाडा, डेनमार्क (ग्रीनलैंड), फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूस, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका, जो मिलकर आर्कटिक परिषद का गठन करते हैं।
- आर्कटिक में लगभग 4 मिलियन निवासी रहते हैं, जिनमें से लगभग दसवाँ हिस्सा स्थानीय लोग हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

29.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केंदू पत्ता:**

- यह बाँस और साल बीज की तरह एक राष्ट्रीयकृत उत्पाद है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका तात्पर्य यह है कि **सरकार बाँस और साल के बीज की तरह उनके संग्रह,** व्यापार एवं प्रसंस्करण को नियंत्रित करती है।
- वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के अनुसार इसे लघु वनोपज (एमएफपी) के अंतर्गत शामिल किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा केंदु पत्ता उत्पादक राज्य है,** जो प्रतिवर्ष लगभग 4.5–5 लाख क्विंटल उत्पादन करता है, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 20% है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - ओडिशा के गाँव **वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006** के तहत केंदू पत्तों के व्यापार को स्वतंत्र रूप से संचालित करने के लिये सरकार द्वारा विनियमन हटाए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## भूगोल

30.

उत्तर: D

व्याख्या:

- उज़्बेकिस्तान मध्य एशिया में **सीर दरिया** और **अमु दरिया नदियों** के बीच स्थित है।
  - इसकी सीमाएँ **कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान** से मिलती हैं।
- **सैन्य अभ्यास डस्टलिक** (उज्बेक में इसका अर्थ '**दोस्ती**' है) भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच क्रमिक रूप से आयोजित किया जाने वाला एक **वार्षिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास** है।
  - **भारत और उज़्बेकिस्तान** के बीच **संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक 2025** का छठा संस्करण **पुणे** में संपन्न हुआ। इस **अभ्यास का वर्ष 2024** का संस्करण उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ में हुआ था।




- अत: विकल्प D सही है।

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **चीन और फिलीपींस के बीच सैंडी के रीफ (Sandy Cay Reef) को लेकर विवाद ने एक बार फिर तनाव उत्पन्न कर दिया है, जहाँ दोनों देश संप्रभुता का दावा कर रहे हैं और क्षेत्र में सैन्यीकरण लगातार बढ़ रहा है।**
  - तनाव तब और बढ़ गया जब **अमेरिकी और फिलीपीन सेनाओं ने बालिकतान युद्ध अभ्यास** किया, जिसकी **चीन ने 'उसकाने वाला (प्रोवाकटिव)'** बताते हुए निंदा की।
- सैंडी के, **दक्षिण चीन सागर (SCS)** के **स्प्रैटली द्वीप समूह** में **पग-आसा द्वीप (थिटू)** के निकट स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **टाइक्सियन रीफ** सैंडी के का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस रीफ पर **चीन, फिलीपींस, ताइवान** और **वियतनाम** सभी **दावा** करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

32.

उत्तर: D

व्याख्या:

**कैस्पियन सागर**

- **कैस्पियन सागर एक विवर्तनिक झील** और **विश्व का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल क्षेत्र है। अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी सीमा **रूस, अज़रबैजान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान और कज़ाखस्तान** से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें तीन प्रमुख नदियाँ **वोल्गा, यूराल और टेरेक** विसर्जित होती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**




33.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **चीन और फिलीपींस के बीच सैंडी के रीफ (Sandy Cay Reef) को लेकर विवाद ने एक बार फिर तनाव उत्पन्न कर दिया है, जहाँ दोनों देश संप्रभुता का दावा कर रहे हैं और क्षेत्र में सैन्यीकरण लगातार बढ़ रहा है।**
  - तनाव तब और बढ़ गया जब **अमेरिकी और फिलीपीन सेनाओं ने बालिकतान युद्ध अभ्यास** किया, जिसकी **चीन ने 'उसकाने वाला (प्रोवाकटिव)'** बताते हुए निंदा की।
- सैंडी के, **दक्षिण चीन सागर (SCS)** के **स्प्रैटली द्वीप समूह** में **पग-आसा द्वीप (थिटू)** के निकट स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **टाइक्सियन रीफ** सैंडी के का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इस रीफ पर **चीन, फिलीपींस, ताइवान** और **वियतनाम** सभी **दावा** करते हैं।




34.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**माउंट मकालू:**

- **भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)** ने विश्व की पाँचवीं सबसे ऊँची चोटी (**माउंट मकालू**) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की है।
- **माउंट मकालू नेपाल हिमालय की महालंगुर पर्वतमाला** में स्थित है जो नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है तथा समुद्र तल से इसकी ऊँचाई 8,485 मीटर है।
- **माउंट एवरेस्ट के दक्षिण-पूर्व** में स्थित मकालू, **चार नुकीली चोटियों वाले अपने आकर्षक पिरामिड आकार** के लिये प्रसिद्ध है।
- माउंट मकालू, **मकालू बरुण राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है,** जहाँ से **बरुण घाटी** दिखाई देती है।
- मकालू में दो प्रमुख सहायक चोटियाँ (**मकालू I और II**) भी हैं, जो मुख्य शिखर से लगभग 3 किमी दूर स्थित हैं। माउंट मकालू पर पहली बार वर्ष 1955 में जीन फ्रेंको के नेतृत्व में एक फ्राँसीसी अभियान के तहत चढ़ाई की गई थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




- **अतः विकल्प A सही है।**

35.

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **गोदावरी,** जिसे प्रायः **दक्षिण गंगा** कहा जाता है, **भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी** (गंगा के बाद) है, **जो महाराष्ट्र के** त्र्यंबकेश्वर से उद्गमित होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह नदी 1,465 किमी पूर्व की ओर प्रवाहित होती है तथा **महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से होकर बंगाल** की खाड़ी में गिरती है।
- **प्रमुख सहायक नदियाँ:** पूर्णा, प्राणहिता, इंद्रावती, और सबरी (बाएं तट की सहायक नदियाँ) और प्रवरा, मंजीरा, और मनैर (दाहिने तट की सहायक नदियाँ)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (KLIP)** तेलंगाना के भूपलपल्ली ज़िले में गोदावरी नदी पर स्थित विश्व की सबसे बड़ी बहु-चरणीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - यह 1,800 किलोमीटर के नहर नेटवर्क के साथ 13 ज़िलों में 500 किलोमीटर से अधिक तक फैली हुई है।
    - परियोजना का निर्माण जून 2019 में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य विभिन्न उपयोगों के लिये 240 TMC (हज़ार मिलियन क्यूबिक फीट) जल उपलब्ध कराना है, जिसमें से 70% सिंचाई के लिये निर्धारित किया गया है।

36.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- कानी जनजाति, जो एक पारंपरिक रूप से घुमंतू समूह है, मुख्य रूप से केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के जंगलों में स्थित है। **कानी जनजाति** अगस्त्यमलाई बायोस्फीयर रिज़र्व में औषधीय पौधों के संरक्षण के लिये पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करती है। **अतः युग्म 1 सही ढंग से सुमेलित है।**
- बिश्नोई हिंदू सम्प्रदाय से संबंधित एक समुदाय है, जो मुख्य रूप से राजस्थान, भारत के थार मरुस्थल क्षेत्र में स्थित है। वे **खेजड़ी वृक्ष और काले हिरण** जैसे वन्यजीवों की रक्षा करते हैं। **अतः युग्म 2 सही ढंग से सुमेलित नहीं है।**
- गोंड भारत के सबसे बड़े आदिवासी समूहों में से एक हैं, जिनकी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना जैसे राज्यों में महत्त्वपूर्ण उपस्थिति है। **अतः युग्म 3 सही ढंग से सुमेलित है।**
- सोलिगा जनजाति मुख्य रूप से कर्नाटक के बिलिगिरी रंगाना पहाड़ियों और माले महादेश्वर पहाड़ियों के वन क्षेत्रों में निवास करती है। **अतः युग्म 4 सही ढंग से सुमेलित नहीं है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

370.

उत्तर: A

व्याख्या:

कैलाश पर्वत:

- भारत ने **कैलाश मानसरोवर यात्रा (KMY)** की पुनः शुरुआत की घोषणा की, जो वर्ष 2020 में चीन द्वारा **कोविड-19** और **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)** तनाव के कारण 5 वर्ष के लिये रोक दी गई थी। KMY वर्ष 1981 से संचालन में है।
- **कैलाश पर्वत, तिब्बत में स्थित एक हीरे के आकार की काले रंग की शिला शिखर, हिंदू, बौद्ध, जैन और बोन धर्मों के लिये पवित्र है** तथा यह प्रमुख एशियाई नदियों जैसे **ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु एवं कर्णाली** का स्रोत है।
  - इसके पवित्र महत्त्व के कारण इस पर चढ़ना वर्जित है, इसलिये इस पर चढ़ाई नहीं की जा सकती।
- **KMY विदेश मंत्रालय (भारत) द्वारा चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (TAR) में कैलाश पर्वत (6,638 मीटर) और मानसरोवर झील (4,600 मीटर)** के लिये आयोजित एक तीर्थयात्रा है।




- **अतः विकल्प A सही है।**

38.

उत्तर: A

व्याख्या:

ताप्ती नदी:

- ताप्ती नदी, **नर्मदा** के बाद भारत की **दूसरी सबसे लंबी पश्चिम की ओर बहने वाली नदी है** , जो **मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात** से होकर बहती है।
  - यह भारत की तीन प्रमुख नदियों में से एक है जो **नर्मदा** और **माही** के साथ **पश्चिम** की ओर बहती हैं।
  - यह गुजरात में **खंभात की खाड़ी** के पास **अरब सागर** में मिलती है।
  - यह नदी **सतपुड़ा पर्वतमाला और महादेव पहाड़ियों** के बीच बहती है तथा उत्तर में **नर्मदा नदी के समानांतर** बहती है एवं सतपुड़ा पर्वतमाला के मुख्य भाग से अलग हो जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ताप्ती की 14 **प्रमुख सहायक नदियाँ हैं: 4 दाएँ किनारे** (वाकी, आनेर, अरुणावती, गोमई) और **10 बाएँ किनारे** (नेसु, अमरावती, बुराय, पंजहारा, बोरी, गिरना, वाघुर, पूर्णा, मोना, सिपना)।
  - पूर्णा नदी इसकी बायीं तटवर्ती मुख्य सहायक नदी है, जिसका प्रवाह बारहमासी है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वेज बैंक (Wadge Bank):**

- वेज बैंक (Wadge Bank) हिंद महासागर में एक अंत:समुद्री पठार है, जो कन्याकुमारी (केप कोमोरिन) से 80 किमी दूर भारत के **अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ)** में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अपनी **समृद्ध समुद्री जैव विविधता** और **प्रचुर मत्स्य संसाधनों** के लिये जाना जाता है।
- यह विश्व के सबसे **समृद्ध मत्स्य क्षेत्रों में से एक** है, जहाँ उच्च जैविक उत्पादकता पाई जाती है तथा यह मछलियों के लिये एक प्रमुख भोजन एवं प्रजनन स्थल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1976 के **भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा समझौते** के तहत भारत को वेज बैंक पर संप्रभु अधिकार प्राप्त हैं, जिसमें **पेट्रोलियम और खनिजों की खोज का अधिकार** शामिल है, जबकि श्रीलंकाई मछुआरों को इस क्षेत्र में **मत्स्य संग्रहण** से प्रतिबंधित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**




**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जर्मेनियम को **दुर्लभ मृदा तत्व के रूप में वर्गीकृत नहीं** किया गया है। यह एक **उपधातु** है। इसे क्रिटिकल **मिनरल** माना जाता है, यह पूर्वोत्तर राज्यों सहित भारत में प्रचुर मात्रा में नहीं पाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका व्यापक रूप से **इलेक्ट्रॉनिक्स** और **ऑप्टिक्स** में उपयोग होता है, विशेष रूप से **फाइबर-ऑप्टिक केबलों, इन्फ्रारेड इमेजिंग उपकरणों** और **फाइबर-ऑप्टिक प्रीफॉर्म्स** में, जो इंटरनेट अवसंरचना के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह सोलर सेल (solar cells) में भी उपयोग किया जाता है क्योंकि इसमें ऊष्मा प्रतिरोधकता (heat resistance) और उच्च ऊर्जा रूपांतरण दक्षता (higher energy conversion efficiency) होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वैश्विक उत्पादन:** चीन **विश्व का सबसे बड़ा जर्मेनियम उत्पादक** और **निर्यातक** है, जो **वैश्विक जर्मेनियम उत्पादन का 60%** हिस्सा प्रदान करता है।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

41.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- **मध्य प्रदेश सक्रिय वन प्रबंधन** के लिये पायलट आधार पर **AI-आधारित रियल-टाइम फ़ॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम (RTFAS)** लागू करने वाला भारत का **पहला राज्य** बन गया है । **अतः कथन 1 सही है।**
- RTFAS एक **क्लाउड-आधारित AI प्रणाली** है जो **वनोन्मूलन** से निपटने के लिये **उपग्रह प्रौद्योगिकी, मशीन लर्निंग और वास्तविक समय की निगरानी** को एकीकृत करती है।
- यह **बहु-कालिक उपग्रह डेटा (Multi-Temporal Satellite Data)** का विश्लेषण करने और **कस्टम AI मॉडल** के माध्यम से **भूमि उपयोग परिवर्तनों** का पता लगाने के लिये **गूगल अर्थ इंजन (Google Earth Engine)** का उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

42.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**हाइड्रोजन ईंधन सेल**

- हाइड्रोजन ईंधन सेल ऐसे उपकरण हैं जो **हाइड्रोजन की रासायनिक ऊर्जा को विद्युत रासायनिक** अभिक्रिया के माध्यम से विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करके विद्युत उत्पन्न करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे **एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में जल उत्सर्जित करते हैं"** जो उन्हें एक स्वच्छ ऊर्जा स्रोत बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ईंधन सेल प्रोटॉन (इलेक्ट्रोलाइट के माध्यम से) और इलेक्ट्रॉनों (बाह्य सर्किट के माध्यम से) की गति के माध्यम से विद्युत उत्पन्न करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

43.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**लकड़बग्घा**

- **लकड़बग्घा Hyaenidae वंश** से संबंधित हैं, जो कुत्तों जैसे **माँसभक्षी स्तनपायी जीवों** का एक समूह है।
- **चित्तीदार लकड़बग्घे कुशल परभक्षी और साथ ही मृत जीवों के भक्षी होते हैं,** जो सक्रिय रूप से समूहों में शिकार करते हैं। ये सामान्यत: छल से अन्य जीवों के शिकार का भक्षण (kleptoparasitism) करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **लकड़बग्घे परभक्षियों के रूप में शाकभक्षी समष्टि को नियंत्रित करने, मृत जीवों के भक्षी के रूप में रोगों के संचरण को रोकने** और **पोषक तत्त्वों को पुन:चक्रित करने में** महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक भूमिका निभाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

44.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI)**

- MFI ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को छोटे ऋण एवं अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करती हैं जिनकी बैंकिंग सुविधाओं तक पहुँच नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- माइक्रोफाइनेंस का लक्ष्य निम्न आय वाले और बेरोज़गार लोगों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करना है।
- यह वित्तीय समावेशन के लिये एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती हैं तथा हाशिये पर स्थित और निम्न आय वर्ग के लोगों (विशेषकर महिलाओं) को सामाजिक समानता एवं सशक्तीकरण में मदद करती हैं।
- भारत में RBI द्वारा NBFC-MFI ढाँचे (2014) के तहत MFI को विनियमित किया जाता है जिसमें ग्राहक संरक्षण, उधारकर्त्ता सुरक्षा, गोपनीयता एवं ऋण मूल्य निर्धारण शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- MFI का मुख्य कार्य ऋण प्रदान करना है लेकिन इनके द्वारा कई वित्तीय सेवाओं जैसे **बचत विकल्प, माइक्रो-बीमा उत्पाद** तथा **फंड ट्रांसफर जैसी सुविधाएँ** प्रदान की जाती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

45.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**सेमी-क्रायोजेनिक इंजन**

- यह एक **तरल रॉकेट इंजन** होता है जो ऑक्सीडाइज़र के रूप में **तरल ऑक्सीजन (LOX)** और ईंधन के रूप में **परिष्कृत केरोसीन (RP-1)** का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भविष्य के हेवी-लिफ्ट प्रक्षेपण यानों के बूस्टर चरणों को शक्ति प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया सेमी-क्रायोजेनिक इंजन, LOX-केरोसीन संयोजन के माध्यम से क्रायोजेनिक प्रणालियों की तुलना में उच्च घनत्व आवेग प्रदान करता है, जिससे **प्रणोदन क्षमता** में वृद्धि होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके अतिरिक्त, केरोसीन तरल हाइड्रोजन की तुलना में सस्ता और संभालने में आसान होता है, जिससे लागत कम होती है और संचालन सरल हो जाता है।
  - इस सेमी क्रायोजेनिक इंजन के सफल विकास से इसरो की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी और यह **नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV)** जैसे भविष्य के प्रक्षेपण यानों का समर्थन करेगा।
  - सेमी-क्रायोजेनिक इंजन में ईंधन और ऑक्सीडाइज़र दोनों को क्रायोजेनिक तापमान पर संग्रहित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- **क्षुद्रग्रह** प्रारंभिक सौरमंडल के **चट्टानी, वायुहीन अवशेष** हैं, जो लगभग **4.6 अरब वर्ष पहले बने थे**। अधिकांश क्षुद्रग्रह **मंगल और बृहस्पति के बीच बेल्ट में पाए जाते हैं, कुछ पृथ्वी को पार करने वाली कक्षाओं का** भी अनुसरण करते हैं। इनका आकार कुछ मीटर से लेकर सैकड़ों किलोमीटर तक होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ट्रोजन** ऐसे क्षुद्रग्रह हैं जो **लैग्रेंजियन बिंदुओं** (L4 और L5) पर किसी ग्रह की कक्षा साझा करते हैं। हालाँकि, ये **क्षुद्रग्रह बेल्ट तक ही सीमित नहीं** हैं। कई **ट्रोजन क्षुद्रग्रह** बृहस्पति की कक्षा में पाए जाते हैं, ट्रोजन क्षुद्रग्रह अन्य ग्रहों, जैसे नेपच्यून और मंगल से भी संबंधित हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)** के हेरा **मिशन** और **भारत में इसरो के नेत्र का मुख्य बल निकट-पृथ्वी वस्तुओं (NEO)** तथा **अंतरिक्ष मलबे की निगरानी** करना है। ये पहल ग्रहों की सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण हैं, जो NEO द्वारा उत्पन्न किसी भी संभावित जोखिम का शीघ्र पता लगाने तथा शमन सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **NASA (अमेरिका):** NISAR (NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार) नासा और इसरो का एक संयुक्त प्रोजेक्ट है जो संपूर्ण विश्व का 12 दिन में मानचित्रण करेगा, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र, बर्फ की मात्रा, वनस्पति, समुद्र स्तर में वृद्धि, भूजल और भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर सुसंगत डेटा प्रदान किया जाएगा। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **JAXA (जापान):** LUPEX (लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन) इसरो और JAXA का एक संयुक्त मिशन है जिसका उद्देश्य चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों का अन्वेषण करना है, विशेष रूप से स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों में जल की उपस्थिति की जाँच करना और एक स्थायी दीर्घकालिक चंद्र स्टेशन की संभावना का आकलन करना है। **अतः, युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **CNES (फ्राँस):** मेघा-ट्रॉपिक्स (2011) एक भारत-फ्राँस संयुक्त उपग्रह मिशन है जिसे उष्णकटिबंधीय वायुमंडल और मानसून, चक्रवात आदि से संबंधित जलवायु का अध्ययन करने के लिये लॉन्च किया गया था। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

**अपशिष्ट प्रबंधन:**

- **प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC)** के तहत अपशिष्ट से संसाधन पहल बेकार पड़ी सामग्रियों को कला और उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित करने पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 2024 तक 3 लाख से अधिक नागरिकों को अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया जा चुका है, तथा 800 से अधिक मूल्यांकित प्रौद्योगिकियों में से 80 पहले से ही उपयोग में हैं।
- **विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) तंत्र** एक अपशिष्ट प्रबंधन नीति है जो उत्पादकों को उनके उत्पादों के संपूर्ण जीवनचक्र के लिये उत्तरदायी बनाती है, जिसमें संग्रहण, पुनर्चक्रण और निपटान शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - वर्ष 2022 में प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट और प्रयुक्त तेल के लिये EPR की शुरुआत की गई, जिससे अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिला।

49.

उत्तर: A

व्याख्या:

**क्लोरपाइरीफोस**

- क्लोरपाइरीफोस एक **ऑर्गनोफॉस्फेट** (अल्कोहल के साथ फॉस्फोरिक एसिड को एस्टरीकरण करके बनाया गया) कीटनाशक है जिसका प्रयोग **भारत में कृषि** और सार्वजनिक स्वास्थ्य **उद्देश्यों के लिये** कीटों को नियंत्रित करने के लिये व्यापक रूप से किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे WHO द्वारा **मध्यम रूप से खतरनाक** और EPA द्वारा **संभावित कैंसरकारी** के रूप में वर्गीकृत किया गया है, इसके अवशेष उत्पाद, **जल, रक्त और ब्रेस्ट मिल्क** में पाए जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **स्वास्थ्य पर प्रभाव:** संपर्क (त्वचा, साँस या अंतर्ग्रहण के माध्यम से) से सिरदर्द, मतली, चक्कर आना, मांसपेशियों में ऐंठन, तथा गंभीर मामलों में पक्षाघात और साँस लेने में कठिनाई हो सकती है।
  - यह शरीर में **एक विषैला उपोत्पाद (क्लोरपाइरीफोस ऑक्सन)** बनाता है, जो इन प्रभावों का कारण बनता है।
- **पर्यावरणीय प्रभाव:** यह मृदा में कई सप्ताह से लेकर कई वर्षों तक बना रहता है, अम्लीय परिस्थितियों में धीरे-धीरे विघटित होता है, तथा कटाव के माध्यम से जल निकायों को दूषित कर सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह **पक्षियों (जैसे, रोबिन, मैलार्ड),** मछली, मधुमक्खियों और केंचुओं के लिये **अत्यधिक विषैला** होता है, तथा खाद्य शृंखला में जैव-संचयित हो सकता है।

50.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **स्थायी कार्बनिक प्रदूषक (POP) विषाक्त, कार्बन-आधारित रासायनिक पदार्थ** हैं जो पर्यावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं, विघटन-रोधी होते हैं, तथा जीवित जीवों (जीवधारी) में संचयित हो जाते हैं।
- **स्वास्थ्य और पर्यावरणीय प्रभाव:** यह **कैंसर, प्रतिरक्षा दमन**, न्यूरोटॉक्सिसिटी, प्रजनन संबंधी विकार और अंत:स्रावी व्यवधान का कारण बन सकता है और इसके संपर्क में आने से **तीव्र और साथ ही दीर्घकालिक प्रभाव हो सकते हैं,** जो आगामी पीढ़ियों में भी बने रह सकते हैं।
  - **जैवसंचयन:** POP समय के साथ जीवित जीवों के वसा ऊतकों में संचयित हो जाते हैं।
  - **जैव आवर्धन:** खाद्य शृंखला में ऊपर की ओर सनाच्लन करने पर, उनकी सांद्रता निरंतर बढ़ती जाती है, जिससे शीर्ष परभक्षी और मनुष्य प्रभावित होते हैं।
- भारत ने वर्ष **2006 में स्टॉकहोम कन्वेंशन का अनुसमर्थन** किया। स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) को विनियमित करने के लिये, **MoEFCC ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,** 1986 के तहत **'स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों के विनियमन नियम, 2018'** को अधिसूचित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उदाहरण:**
  - **एंडोसल्फान:** यह कई देशों में प्रतिबंधित है और इसके कारण **अंत:स्रावी व्यवधान** होता है।
    - स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके प्रतिकूल प्रभावों के कारण सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद वर्ष 2011 में भारत में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **DDT:** भारत में कृषि के लिये इसका उपयोग प्रतिबंधित है, लेकिन अभी भी **वेक्टर नियंत्रण** के लिये इसका उपयोग किया जाता है (जैसे, **मलेरिया-प्रवण क्षेत्रों में मच्छरों का धूमन**)।
    - अन्य में **एल्ड्रिन, डाइएलड्रिन, पीसीबी और टोक्साफीन शामिल हैं**।

51.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डेज़र्ट लोकस्ट (Schistocerca Gregaria):**

- टिड्डियाँ एक प्रकार के तृण-भोजी परिग (Grasshopper) हैं जो **एक्रिडिडे (Acrididae)** कुल से संबंधित हैं। डेज़र्ट लोकस्ट (**Schistocerca Gregaria**) को सबसे विनाशकारी प्रवासी कीट माना जाता है।
- टिड्डियाँ तब तक एकांतवासी कीट होती हैं, जब तक कि उनमें **समूहीकरण** नामक परिवर्तन नहीं आ जाता, जिसके बाद वे अधिक सामाजिक हो जाते हैं और बड़े दलों में एकत्र होते हैं।
  - एक छोटे दल (1 वर्ग किमी) में **80 मिलियन टिड्डियाँ** हो सकती हैं, जो एक दिन में 35,000 लोगों के बराबर भोजन खा जाती हैं, जबकि **एक बड़ा दल 1.8 मिलियन मीट्रिक टन वनस्पति** खा सकता है।
- टिड्डियाँ प्रवासी कीट हैं जो दल में सैकड़ों किलोमीटर तक उड़ने में सक्षम हैं। वे एक सीमा पार के कीट हैं जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया के बीच यात्रा करते हैं।
- भारत का अनुसूचित रेगिस्तानी क्षेत्र, जिसमें राजस्थान, गुजरात और हरियाणा राज्य शामिल हैं, 2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, विशेष रूप से टिड्डियों के आक्रमण के प्रति संवेदनशील है, जो प्राय: अफ्रीका और खाड़ी जैसे क्षेत्रों से आते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

52.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**तेंदुए ( पेंथेरा पार्डस ):**

- तेंदुआ बड़ी बिल्ली परिवार (वंश पैंथेरा, अर्थात् बाघ, शेर ( पैंथेरा लियो ), जगुआर, तेंदुआ और हिम तेंदुआ) का सबसे छोटा सदस्य है, और विभिन्न आवासों में अनुकूलन की अपनी क्षमता के लिये जाना जाता है।
- यह एक **रात्रिचर प्राणी है,** जो अपने क्षेत्र में पाए जाने वाले शाकाहारी जानवरों की छोटी प्रजातियों, जैसे चीतल, हॉग डियर और जंगली सूअर को खाता है।
- **यह उप-सहारा अफ्रीका के** विस्तृत क्षेत्र में, पश्चिमी और मध्य एशिया के छोटे भागों में, भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया तक पाया जाता है।
- भारतीय तेंदुआ **( पेंथेरा पार्डस फ्यूस्का )** भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जाने वाला एक तेंदुआ है।
- इसे **IUCN रेड लिस्ट में** तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में संवेदनशील के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- **सोनकुत्ता/ढोले का उल्लेख WLP अधिनियम 1972 की अनुसूची II** में किया गया है और **एशियाई शेर का निवास स्थान** केवल भारत तक ही सीमित है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

53.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- रेड एडमिरल बटरफ्लाई/तितली (Vanessa atalanta) को पहली बार भारत के हिमाचल प्रदेश में **धौलाधार पर्वत शृंखला में देखा गया है।अत: कथन 1 सही है।**
    - आकृति की दृष्टि से **रेड एडमिरल इंडियन रेड एडमिरल** (Vanessa indica) जैसी है, लेकिन इसे इसकी संकरी, गहरी रेड रंग की डिस्कल पट्टी तथा ऊपरी अग्र पंख में धब्बे की उपस्थिति (यह विशेषता भारतीय प्रजातियों में अनुपस्थित होती है) द्वारा पहचाना जा सकता है।
- नर रेड एडमिरल्स अत्यधिक प्रादेशिक होते हैं और अक्सर अपने बसेरा स्थलों से प्रतिद्वंद्वियों को भगा देते हैं।
    - इसके **लार्वा स्टिंगिंग नेटल ( Urtica dioica )** पर फीड करते हैं, जिसकी पश्चिमी हिमालय में प्रचुरता मात्रा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **यह प्रजाति विविध पौधों पर फीड करने के कारण जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक अनुकूल है लेकिन इसे आवास की हानि एवं फीड वाले पौधों की आबादी को प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय परिवर्तनों से चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

54.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**लाल मुकुटधारी कछुआ**

- **लाल मुकुटधारी कछुआ ( बटागुर कचुगा )** 30 वर्षों के बाद गंगा नदी में पुन: छोड़ा गया है , जो **नमामि गंगे मिशन और टर्टल सर्वाइवल अलायंस इंडिया (टीएसएएफआई) परियोजना** के तहत एक बड़ी सफलता है।
    - कछुओं को उत्तर प्रदेश के **हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य** के भीतर **बिजनौर गंगा बैराज** के पास स्थित रामसर **साइट हैदरपुर वेटलैंड** में छोड़ा गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक **स्वच्छ जल का कछुआ है जो जियोमाइडीडे परिवार** से संबंधित है । **इसे बंगाल रूफ टर्टल** के नाम से भी जाना जाता है, यह भारत में **पाई जाने वाली 24 स्थानिक प्रजातियों में से एक** है। **अत:, कथन 2 सही है।**
- **संरक्षण स्थिति: IUCN लाल सूची: गंभीर रूप से संकटग्रस्त;** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (WPA), 1972: अनुसूची I; CITES: परिशिष्ट II. **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

55.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम, 2024:**

- **वार्षिक प्लास्टिक अपशिष्ट मूल्यांकन:** स्थानीय निकायों को वार्षिक रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन का आकलन करना चाहिये, जिसमें डंप साइट डेटा और अगले पाँच वर्षों के लिये परियोजना अनुमान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **निर्माताओं द्वारा रिपोर्टिंग:** कम्पोस्टेबल/बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पादों के निर्माताओं को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) को पेश की गई मात्रा और उपभोक्ता-पूर्व अपशिष्ट की रिपोर्ट देनी होगी।
- **केंद्रीकृत ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल:** उत्पादकों, आयातकों, ब्रांड मालिकों और संबंधित निर्माताओं के पंजीकरण के लिये एक डिजिटल पोर्टल, यदि अनुमोदन में 30 दिन से अधिक समय लगता है तो स्वत: पंजीकरण हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एकल-उपयोग प्लास्टिक (SUP) पर प्रतिबंध:** स्थानीय निकायों को SUP पर प्रतिबंध लागू करना होगा और अनुपालन प्रयासों पर वार्षिक रिपोर्ट देनी होगी।
- **विस्तारित ई.पी.आर. (विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व):** प्लास्टिक पैकेजिंग शुरू करने वाली सभी संस्थाओं को इसके संग्रह और निपटान का प्रबंधन करना चाहिये। कम्पोस्टेबल/बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पादकों को अब ई.पी.आर. के अंतर्गत शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **स्थानीय निकायों की ज़िम्मेदारियाँ:** स्थानीय निकायों को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिये बुनियादी ढाँचे का निर्माण और रखरखाव करना होगा तथा प्रतिवर्ष अपनी क्षमता का आकलन/रिपोर्ट देनी होगी।
- **स्वैच्छिक सहयोग:** उत्पादक और अन्य हितधारक अपशिष्ट प्रबंधन पहल में स्थानीय निकायों के साथ स्वैच्छिक रूप से जुड़ सकते हैं।
- **ऑनलाइन रिपोर्टिंग अधिदेश:** निर्माताओं और आयातकों को तिमाही डिजिटल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जबकि रीसाइकिलर और कच्चे माल के विक्रेताओं को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। **अत:कथन 4 सही नहीं है।**
- **संस्थागत निगरानी ढाँचा:** प्रभावी निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये एक तंत्र स्थापित किया गया है।

56.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **माइक्रोप्लास्टिक्स,** जिन्हें पाँच मिलीमीटर से छोटे व्यास वाले प्लास्टिक के रूप में परिभाषित किया जाता है, महासागरों और जलजीवों के लिये हानिकारक हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - **सौर यूवी विकिरण, वायु और** महासागरीय धाराएँ प्लास्टिक को **माइक्रोप्लास्टिक्स (<5 मिमी) और नैनोप्लास्टिक्स (<100 नैनोमीटर)** में तोड़ देती हैं।
- **वर्गीकरण:**
  - **प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक: वे वाणिज्यिक उपयोग** के लिये बनाए गए छोटे कण होते हैं, जैसे **माइक्रोबीड्स, प्लास्टिक छर्रे** और कपड़ों के **माइक्रोफाइबर।**
  - **द्वितीयक माइक्रोप्लास्टिक:** ये तब बनते हैं जब बोतलों जैसे बड़े प्लास्टिक **सूर्य के प्रकाश** और **समुद्री धाराओं** के कारण **टूट जाते हैं।**
- **चिंताएँ: माइक्रोप्लास्टिक** लाल रक्त कोशिकाओं से चिपक सकते हैं, **जिससे ऑक्सीजन का परिवहन कम हो जाता है और ये प्लेसेंटा** व **भ्रूण के अंगों** में भी पाए गए हैं।
  - नैनोप्लास्टिक्स **माइक्रोप्लास्टिक्स से भी छोटे होते हैं** और अपने आकार के कारण कोशिका झिल्ली में प्रवेश कर सकते हैं।
  - वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि **मानव प्लेसेंटा, भ्रूण के ऊतकों और रक्तप्रवाह** में उनकी उपस्थिति है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- क्योंकि वे **रक्त-मस्तिष्क अवरोध को पार कर सकते हैं** और कोशिकीय कार्यों के साथ अंत:क्रिया कर सकते हैं, वे **ऑक्सीडेटिव तनाव, सूजन एवं अंग की क्षति** सहित प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ उत्पन्न करते हैं।

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एक्सप:**

**क्लाउड सीडिंग**

- यह एक **मौसम परिवर्तन तकनीक है जो सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम आयोडाइड या सूखी बर्फ** जैसे रसायनों को बादलों में विसरित करती है, जो जल की बूंदों के निर्माण के लिये नाभिक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे वर्षा उत्पन्न होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **क्लाउड सीडिंग के प्रकार:**
  - **स्टेटिक क्लाउड सीडिंग-स्थैतिक क्लाउड सीडिंग,** जिसमें बर्फ के कणों को ठंडे बादलों में प्रविष्ट कराकर बर्फ के क्रिस्टल या हिमकण बनाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **गतिशील क्लाउड सीडिंग** - ऊर्ध्वाधर वायु धाराओं को बढ़ाकर और वर्षा बादलों के विकास को बढ़ावा देकर वर्षा को उत्तेजित करता है।
  - **हाइग्रोस्कोपिक क्लाउड सीडिंग-** बादल की बूंदों के आकार को बढ़ाने के लिये लवण के बारीक कणों का उपयोग करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **ग्लेशियोजेनिक क्लाउड सीडिंग-** सुपरकूल्ड बादलों में बर्फ के निर्माण को प्रेरित करता है जिससे वर्षा को बढ़ावा मिलता है। इसका उपयोग बर्फबारी को बढ़ाने, पहाड़ों पर बर्फ के ढेर को बढ़ाने, सूखा प्रभावित क्षेत्रों में बारिश को प्रेरित करने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिये किया जाता है।

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैज्ञानिकों ने संरक्षण में सहायता के लिये **साओला (Pseudoryx nghetinhensis)** के **जीनोम** का मैपिंग किया है और पाया है कि यह प्रजाति 5,000 से 20,000 वर्ष पहले दो आबादियों में विभाजित हो गई थी, जो कि **अंतिम हिमनदी अधिकतम (लगभग 20,000 वर्ष पहले)** के दौरान और उसके बाद आवास परिवर्तनों के साथ मेल खाती है। वियतनाम में कृषि विस्तार ने आबादी को और अलग-थलग कर दिया।
- **साओला:** इसे प्राय: "एशियाई यूनिकॉर्न" कहा जाता है, यह सबसे दुर्लभ बड़े स्थलीय स्तनधारियों में से एक है और **बोविड वंश** (bovid genus) से संबंधित है। इसका शरीर **गहरे रंग** का, मृग जैसा होता है, जिसमें **कोमल फर**, सफेद चेहरे के निशान और दोनों लिंगों में लंबे, समांतर सींग पाए जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - लाओ भाषा में "**साओला**" का अर्थ है "spinning wheel posts" **अर्थात् चरखे के स्तंभ के समान,** जो इसके सींगों के आकार को संदर्भित करता है।
- **आवास और अस्तित्व के खतरे:** साओला **वियतनाम और लाओस** के बीच **अन्नामाइट पर्वत शृंखला** के कुहासे से ढके ऊँचे वन क्षेत्रों में पाया जाता है।
  - इसे **गंभीर रूप से संकटग्रस्त (IUCN स्थिति)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा यह मुख्य रूप से **आवास की हानि एवं अवैध शिकार** के कारण खतरे में है। **अत: कथन 3 सही है।**

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भीमगढ़ वन्यजीव अभयारण्य:**

- BWS **कर्नाटक के बेलगाम ज़िले में** गोवा की सीमा के पास स्थित है। यह **पश्चिमी घाट में फैला हुआ है और दिसंबर** 2011 में इसे वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- इसका नाम **भीमगढ़ किले के नाम पर रखा गया है, जिसे शिवाजी ने** 17वीं शताब्दी में पुर्तगाली सेनाओं से बचाव के लिये बनवाया था।
- **यहाँ वेलवेट फ्रंटेड नटहैच, मालाबार ग्रे हॉर्नबिल, इंपीरियल पिजन, एमराल्ड पिजन** और दुर्लभ **मालाबार ट्रोगोन** सहित विविध पक्षी जीव पाए जाते है।
  - इसे **बारापेडे गुफाओं** में पाए जाने वाले **रॉटन फ्री-टेल्ड बैट** के **एकमात्र ज्ञात प्रजनन स्थल** के रूप में जाना जाता है।
- इस अभयारण्य में **वज्रपोहा जलप्रपात शामिल है** और यह **महादयी नदी के जलग्रहण क्षेत्र का हिस्सा है।**




- **अत: विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

## रक्षा एवं सुरक्षा

60.

उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB):

- यह **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) के अधीन** कार्यरत है तथा दो अन्य प्रमुख निकायों; **सामरिक नीतिगत समूह (SPG)** और **संयुक्त खुफिया समिति (JIC)** के साथ मिलकर कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके द्वारा **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC)** को बाहरी खतरों, आंतरिक स्थिरता और उभरती चुनौतियों पर सलाह दी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **NSAB में सदस्यों की संख्या निश्चित नहीं** होती है जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के आधार पर इसके गठन में लचीलापन बना रहता है। बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति **दो वर्ष के कार्यकाल** के लिये की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

61.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप:**
  - यह एक **मानव रहित एयरशिप है जिसे समताप मंडल में उच्च ऊँचाई पर संचालन के लिये डिज़ाइन किया गया है,** जो सामान्यत: पृथ्वी की सतह से 17 से 22 किलोमीटर की ऊँचाई के बीच होता है।
  - यह एक **हाई-एल्टीट्यूड स्यूडो-सैटेलाइट (HAPS)** के रूप में कार्य करता है, जो लंबे समय तक वायु में बना रह सकता है और **उत्थान शक्ति के लिये हीलियम का उपयोग करता है। अत: कथन 1 सही है।**
  - उपग्रहों या विमानों के विपरीत, यह किसी **विशेष क्षेत्र** के ऊपर लंबे समय तक स्थिर रह सकता है, जिससे **निरंतर निगरानी और संचार की सुविधा मिलती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

62.

उत्तर: B

व्याख्या:

INS तमाल:

- भारतीय नौसेना को रूस से उन्नत स्टील्थ युद्धपोत INS तमाल प्राप्त होने वाला है।
- **माल** एक **स्टील्थ युद्धपोत** है, जिसे वर्ष 2016 में हुए **भारत-रूसी समझौते** के तहत निर्मित किया गया है, जिसमें दो पोत **रूस** में और दो **भारत** में बनाए गए हैं।
  - INS तमाल इस शृंखला में **रूस द्वारा निर्मित दूसरा फ्रिगेट** है, जो **INS तुशील** (जिसे दिसंबर 2024 में नौसेना में शामिल किया गया था) के बाद आता है।।
    - यह युद्धपोत प्रति अभियान 30 नॉट की गति और 3,000 किमी की रेंज तक संचालन करने में सक्षम है।
    - इसमें **टॉरपीडो** और **ब्रह्मोस** जैसी रॉकेट प्रणालियाँ लगी हैं।
    - यह युद्धपोत बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर संचालित कर सकता है, जिससे निगरानी और युद्ध क्षमता में वृद्धि होती है।
  - **स्टील्थ डिज़ाइन:** इसका निर्माण इस प्रकार किया गया है कि यह रडार से बच सके, जिससे आधुनिक नौसैनिक युद्ध में इसकी उत्तरजीविता क्षमता बढ़ जाती है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## इतिहास

63.

उत्तर: A

व्याख्या:

**अहिल्याबाई होल्कर:**

- महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मुंबई के बाहर **चोंडी** में अपनी पहली बैठक आयोजित की, ताकि **मालवा की रानी अहिल्याबाई होलकर** की **300वीं जयंती (31 मई 2025)** को चिह्नित किया जा सके और उनकी विरासत को सम्मानित किया जा सके।
- अहिल्याबाई का जन्म **31 मई 1725** को **चोंडी, अहमदनगर (महाराष्ट्र)** में हुआ था। उनके पिता, **मानकोजी राव शिंदे**, गाँव के मुखिया थे।
- वर्ष 1766 में **मल्हार राव होलकर** और वर्ष 1767 में उनके पुत्र **मालेराव होलकर** की मृत्यु के बाद, **अहिल्याबाई होलकर** ने **मालवा की बागडोर संभाली** और वर्ष 1767 **में इंदौर की शासिका** बनीं।
  - उन्होंने **तुकोजी राव होल्कर** को सेनापति नियुक्त किया और **मध्य प्रदेश में महेश्वर को होल्कर राजवंश** की राजधानी बनाया।
- **सामाजिक और आर्थिक योगदान:** अहिल्याबाई होलकर ने **सोमनाथ** और **काशी विश्वनाथ मंदिरों** का पुनर्निर्माण कराया, जिससे **भगवान शिव के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों** की पुनर्स्थापना हुई। उन्होंने **खुशाली राम, मराठी कवि मोरोपंत** और **शाहीर अनंतफंदी** जैसे विद्वानों को संरक्षण दिया।
  - उन्होंने **महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया** और सती प्रथा जैसी प्रथाओं का विरोध किया, साथ ही भील, गोंड जनजातियों तथा निम्न जातियों का उत्थान किया।
  - उन्होंने महेश्वर और इंदौर को प्रमुख व्यापार केंद्र बनाया, माहेश्वरी बुनाई उद्योग को बढ़ावा दिया और माहेश्वरी साड़ियों को पूरे भारत में प्रसिद्ध बनाया तथा अब इसे **भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** के साथ पंजीकृत किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

64.

उत्तर: D

व्याख्या:

**महाराणा प्रताप जयंती**

**प्रधानमंत्री ने 9 मई 2025 को वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।**

- **महाराणा प्रताप का** जन्म **9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़** में हुआ था। **वे मेवाड़ के 13वें शासक** और **उदय सिंह द्वितीय के सबसे बड़े पुत्र** थे।
  - **महाराणा उदय सिंह द्वितीय ने चित्तौड़** को अपनी राजधानी बनाकर **मेवाड़ राज्य** पर शासन किया और वे **उदयपुर शहर** के संस्थापक भी थे। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **हल्दीघाटी का युद्ध (18 जून 1576) महाराणा प्रताप** और मुगल सम्राट **अकबर** के सेनापति **आमेर के राजा मान सिंह** के बीच लड़ा गया था ; यद्यपि महाराणा प्रताप ने बहादुरी से युद्ध लड़ा, फिर भी वे **मुगल सेना से पराजित हो गये। अत: कथन 2 सही है।**
  - **वर्ष 1579** के बाद महाराणा प्रताप ने **पश्चिमी मेवाड़ पर पुन: अधिकार कर लिया और** डूंगरपुर के पास **चावंड** में अपनी **नई राजधानी** स्थापित की ।
  - **19 जनवरी 1597** को उनकी मृत्यु हो गई और उनके पुत्र **अमर सिंह ने उनका स्थान लिया**, जिन्होंने वर्ष 1614 में सम्राट **जहाँगीर के अधीन** होकर राजगद्दी संभाली। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

65.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **गौतम बुद्ध** ने **सारनाथ** में अपना **पहला उपदेश** दिया, जिसे **धर्मचक्र प्रवर्तन ( धर्म के चक्र का संचालन )** कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **महापरिनिर्वाण बुद्ध की मृत्यु** को संदर्भित करता है, जो **कुशीनगर** में हुई थी।
- **त्रिपिटक** (विनय पिटक, सुत्त पिटक और अभिधम्म पिटक) पहली बार पहली शताब्दी ईसा पूर्व में **श्रीलंका** में **राजा वट्टगामिनी अभय** के शासनकाल में आयोजित **चौथी बौद्ध परिषद** के दौरान लिपिबद्ध किए गए थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **तृतीय बौद्ध परिषद मौर्य वंश** के अधीन सम्राट अशोक द्वारा लगभग **250 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र** (वर्तमान पटना) में आयोजित की गई थी। इस परिषद की अध्यक्षता **भिक्षु मोग्गलिपुत्त तिस्स** ने की थी।
- **महायान बौद्ध धर्म** ने **बोधिसत्व आदर्श** (ऐसा प्राणी जो केवल अपने लिये नहीं, बल्कि सभी प्राणियों के लिये बोधि प्राप्ति की कामना करता है) और **बुद्ध की मूर्तिपूजा** की परंपरा की शुरुआत की, जो प्रारंभिक बौद्ध धर्म या **हीनयान परंपरा की विशेषता नहीं थी। अत: कथन 3 सही है।**

## विविध

66.

उत्तर: B

व्याख्या:

**एजेंट ऑरेंज:**

- 30 अप्रैल 2025 को **वियतनाम युद्ध ( 1954-75 ) अंत के 50 वर्ष पूरे हुए।** युद्ध अंत के पश्चात् भी वियतनाम के असंख्य लाख अभी भी **एजेंट ऑरेंज के चिरकालिक प्रभावों** से पीड़ित हैं, जो **युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा उपयोग में लाया गया** एक विषैला रसायन है।
- यह शाकनाशियों (Herbicides) का मिश्रण है जिसका उपयोग **वृक्षों और झाड़ियों को पत्र रहित करने** के लिये किया जाता है, जिससे दुश्मन सैनिकों को छिपने की जगह नहीं मिलती।
  - यह दो शाकनाशियों (2,4-D और 2,4,5-T) को मिलाकर बनाया गया था, जिसमें **अत्यधिक विषैले संदूषक डाइऑक्सिन का मिश्रण था।**
  - **मानव शरीर** में डाइऑक्सिन का अर्द्ध-आयु काल **20 वर्ष** तक होता है तथा मृदा और जल में यह 100 वर्षों तक बना रह सकता है, **जिससे दीर्घकालिक संदूषण होता है।**
    - रेडियोधर्मिता में, **अर्द्ध-आयु** वह काल है जो किसी **रेडियोधर्मी प्रतिदर्श के आधे परमाणुओं के क्षय** में लगता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME